चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 289, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 19 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

कांग्रेस ने भ्रष्ट-घोटालों वाली सरकार दी: मोदी

'भाजपा सरकार बनते ही राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा की जाएगी और लोकहित में जल्दी निर्णय लिया जाएगा'

भरतपुर/नागौर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजस्थान में चुनावी अभियान पर रहे। इस दौरान मोदी ने भरतपुर के कॉलेज ग्राउंड और नागौर में भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा समेत जिले की 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भरतपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए वादा किया कि भाजपा सरकार बनते ही राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा की जाएगी और लोकहित में जल्दी निर्णय लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार राजस्थान में 12 रुपये लीटर लोगों की जेब से मार रही है और कांग्रेस नेताओं की तिजोरी भर रही है। इसके विपरीत यूपी, हरियाणा और गुजरत में पेट्रोल के रेट 97 रुपये लीटर हैं। नागौर में मोदी ने इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ का फैसला साफ है कि कांग्रेस को हटाना है। जैसे दीपावली पर कोने-कोने से घर की सफाई करते हैं, वैसे ही इस चुनाव में कांग्रेस की कोने-कोने से सफाई करनी है। मोदी ने नागौर के खरनाल में जाट समाज के लोक देवता तेजाजी के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद जनसभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विश्वासघात के अलावा कुछ नहीं किया। भ्रष्ट और घोटालों वाली सरकार दी। सामान्य आदमी की जान सुरक्षित नहीं, बहन-बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। कहते हैं कि दिन में एक बार जुबान पर सरस्वती आ जाती हैं तो सच निकल जाता है। अभी-अभी जादूगर मुख्यमंत्री के साथ ऐसा ही हुआ। यहां के मुख्यमंत्री ने खुद जनसभा में स्वीकार किया कि उनके उम्मीदवारों, विधायकों ने कोई काम नहीं किया।



कांग्रेस ने किसानों और युवाओं के साथ धोखा किया: शेखावत

सीकर

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गहलोत सरकार पर वादा-खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार ने प्रदेश के किसानों और युवाओं सहित सभी वर्गों के साथ धोखा किया है। अब राजस्थान की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएगी। इस बार राज्य में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। शेखावत शनिवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में डाबड़ी में भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश इस बार चार बार दिवाली मनाएगा।

रोजगार न मिलने से राजस्थान में सर्वाधिक युवा कर रहे आत्महत्या: योगी

जालौर/बाड़मेर/बालोतरा

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को पूरी तेवर में रहे। जनविरोधी राजस्थान सरकार पर खूब बरसे। चारों रैलियों में पीड़ा व्यक्त की कि पांच वर्ष में कांग्रेस ने राजस्थान को कहां पहुंचा दिया। रोजगार न मिलने से राजस्थान में सर्वाधिक युवा आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार की आपसी नूराकुश्ती के कारण राजस्थान भ्रष्टाचार में नए कीर्तिमान बनाते हुए नंबर एक पर पहुंच गया है। पांच वर्ष पहले जहां वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीबों, नौजवानों व किसानों के लिए काम कर रही थी, वहीं पांच वर्ष में इस सरकार में नए-नए माफिया पैदा हो गए हैं। इनके खात्मे के लिए यूपी जैसी डबल इंजन की सरकार चाहिए। सीएम ने आरोप लगाया कि राजस्थान में दोहरा कानून चलता है-यहां हिंदू के मरने पर बमुश्किल दो लाख और मुस्लिम मरेगा तो 25 लाख मुआवजा दिया जाता है।

योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने में सबसे पीछे है राजस्थान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आहोर विधानसभा से विधायक व भाजपा उम्मीदवार छगन सिंह राजपुरोहित के पक्ष में समर्थन मांगा। यहां संतों ने मंच पर सीएम का जोरदार स्वागत किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को कहां पहुंचा दिया। हर योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत है। राजस्थान भ्रष्टाचार, महिला अपराध, साइबर क्राइम, गोतस्करी, गुंडा टैक्स में नंबर एक हो गया है, जबकि योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने, गोतस्करी रोकने में सबसे पीछे है।

विपक्ष ने राज्य सरकार के विरूद्ध लगातार आधारहीन आरोप लगा रहा: सीएम गहलोत

करौली

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि गत पांच वर्षों में राज्य सरकार द्वारा जनहित में एक से बढ़कर एक योजनाएं लाई गई है। इनसे सभी वर्गों के लोग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा राज्य सरकार के विरूद्ध लगातार आधारहीन आरोप लगाये जा रहे हैं। परंतु आम मतदाता का रूझान इस बार राज्य सरकार के पक्ष में है तथा प्रदेश की 36 कौम के समर्थन से कांग्रेस सरकार रिपीट होने जा रही है।

गहलोत ने कहा कि क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज, संस्कृत कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल खोलने का कार्य राज्य सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि करौली में जिला अस्पताल से संबद्ध सैटेलाइट हॉस्पिटल शहर में खोला जाएगा। चंबल पांचना जगर लिफ्ट परियोजना की डीपीआर तैयार कर ली गई है। दोबारा सरकार आने पर इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में महंगाई राहत कैम्पों के जरिए 10 गारंटियां देकर हर घर को लाभान्वित किया है। अब सात गारंटियां दी है, जिनसे सामाजिक और आर्थिक सम्बल मिलेगा। गहलोत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) राज्य के 13 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई जलापूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे प्रदेश के वृहद क्षेत्र में पेयजल समस्याओं के निराकरण होने के साथ-साथ लाखों हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी।

राहुल गांधी लाहौर से शुरू करें यात्रा: भूपेंद्र चौधरी

बरेली

बरेली के सर्किट हाउस पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन के नेता तात्कालिक विषयों से जनता का ध्यान हटाने के लिए और लाइम लाइट में बने रहने के लिए गठबंधन का प्रलाप अलापते हैं। ये स्वार्थी लोग हैं, इनका कोई वैचारिक मेल नहीं है, ये बेमेल गठबंधन की बात करते हैं, देश की जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का गठबंधन मोदी के साथ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सवाल किया कि भारत जोड़ो यात्रा का मतलब क्या है, भारत अखंड है, भारत कन्याकुमारी से श्रीनगर तक, गुजरात से मणिपुर तक है। भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देश के सामने है। जो भी बटवारा हुआ है, देश का विभाजन हुआ है वो कांग्रेस के समय में हुआ है। राहुल गांधी अगर उस बटबारे से चिंतित है तो उन्हें यात्रा काबुल, लाहौर, कराची या इस्लामाबाद से शुरू करनी चाहिए। सर्किट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद संतोष गंगवार और वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड में 3,753 करोड़ का किया घोटाला: बीजेपी

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड में 3,753 करोड़ का घोटाला किया है। केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल सरकार पूरी तरह तरह भ्रष्टाचार में डूबी है। शराब घोटाले के बाद अब जल बोर्ड में घोटाले का मामला सामने आया है। दिल्ली जल बोर्ड में विभिन्न मदों में 3,753 करोड़ का घोटाला हुआ है। वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक उनके किए गए कार्यों के विवरण तक गायब है। बैंक और दिल्ली जल बोर्ड के वित्तीय विवरण में 166 करोड़ रुपये का अंतर है।

आदित्य एल1 और गगनयान मिशन भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाएंगे: राष्ट्रपति द्रौपदी

नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भविष्य के आदित्य एल1 और गगनयान मिशन न केवल विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे और अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे, बल्कि समग्र रूप से मानवता की भी मदद करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू शनिवार को एयरोनाटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित '2047 में एयरोस्पेस और एविएशन' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि चाहे वह मंगल मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने की उपलब्धि हो या फिर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित लैंडिंग, भारत ने हर क्षेत्र में साबित कर दिया है कि उसके पास इच्छाशक्ति और निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की क्षमता है। खास बात ये है कि गुणवत्ता, लागत प्रभावशीलता (कास्ट इफेक्टिवनेस) और निर्धारित समय इन सभी परियोजनाओं की पहचान रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि देश ने लंबी प्रगति की है लेकिन कई चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। एयरोस्पेस क्षेत्र बदलाव के दौर से गुजर रहा है। रक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ हवाई यातायात-परिवहन के क्षेत्र में तेजी से नई प्रौद्योगिकियों को अपनाया जा रहा है।

विश्व कप फाइनल मेरे और मेरे साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण: रोहित शर्मा

अहमदाबाद

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनके और उनके साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण है। रोहित ने कहा कि उनके कप्तान बनने के बाद से ही टीम इस दिन की तैयारी कर रही थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप 2023 के फाइनल मुकाबले में रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने सामने होंगे। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेसवार्ता में रोहित ने विपक्ष के बारे में चिंता करने के बजाय अपने खेल पर टिके रहने और शांत रहने के महत्व पर जोर दिया। रोहित ने कहा, "यह बिना किसी संदेह के एक बड़ा अवसर है। हमने अब तक जो भी सपना देखा है वह यहां है। पेशेवर खिलाड़ियों के लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण पहलू है कि आप इस तरह की चुनौतियों को अपने दिमाग से कैसे दूर रखते हैं और अपना ध्यान केंद्रित रखते हैं। यह हमारे करियर का सबसे बड़ा क्षण है और शांत रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि यहीं आप अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर सकते हैं। आपको रोजाना विश्व कप फाइनल खेलने का मौका नहीं मिलता।

मैं 50 ओवर के विश्व कप को देखकर बड़ा हुआ हूं इसलिए मेरे लिए यह सबसे बड़ा अवसर होगा।" रोहित ने कहा, "जब से मैं कप्तान बना हूं तब से हमने इस दिन के लिए तैयारी की है। हमें प्रारूपों के अनुसार पिछले 2 वर्षों में खिलाड़ियों की पहचान करनी थी।

खेल-खिलौने से बच्चों को पढ़ाने और सिखाने का छिड़ेगा अभियान

नई दिल्ली

खेल-खिलौनों के जरिए बच्चों को पढ़ाने से उनमें सीखने व सृजन (क्रिएविटी) की नई क्षमता के विकास को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय अब इसे लेकर देश भर में एक बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी में है, जिसमें स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई सिफारिश

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसे लेकर अहम सिफारिश की गई है।

फिलहाल इस अभियान की शुरूआत देश भर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और पीएम-श्री स्कूलों से की जाएगी। बाद में इसे सभी केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों आदि में भी विस्तार दिया जाएगा।

खास बात यह है कि इस योजना को अमली जामा पहनाने से पहले हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित शिक्षा मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों ने आइआइटी गांधीनगर स्थित सेंटर फार क्रिएटिव लर्निंग को भी देखा है। साथ ही इस अभियान में मदद को लेकर चर्चा की है।

इस दौरान इस सेंटर की ओर से शिक्षा मंत्री के समक्ष एक प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि बच्चों को खेल-खिलौने के जरिए पढ़ाने से क्या फायदे हैं। इस बीच गुजरात और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा स्कूलों में उनकी ओर से चलाए जा रहे प्रोग्राम की जानकारी भी साझा की और बताया कि बच्चे किस तरह से उनके द्वारा सिखाई गई गतिविधियों से आगे बढ़कर अब इसमें हिस्सा ले रहे है।

ज्ञानवापी मामले में मुकदमा दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका को न्यायालय ने किया खारिज

वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में 156(3) सीआरपीसी के तहत दाखिल याचिका स्पेशल सीजेएम शिखा यादव की अदालत ने शनिवार को सुनवाई के पश्चात खारिज कर दिया। अदालत ने दाखिल याचिका को पोषणीय योग्य नहीं माना। न्यायालय ने इस याचिका में पिछली सुनवाई में ही फैसला सुरक्षित रखा था। वादी बजरडीहा भेलूपुर निवासी विवेक सोनी और चितईपुर निवासी जयध्वज श्रीवास्तव के अधिवक्ताओं ने कहा कि अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। वादी पक्ष के अधिवक्ता देशरत्न श्रीवास्तव व नित्यानन्द राय ने बताया कि इस आदेश से हम संतुष्ट नहीं है। और आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती देंगे। आज पक्की नकल के लिये प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है। नकल मिलते ही रिविजन या पुनरीक्षण याचिका दाखिल कर दी जायेगी। इसके पहले अदालत को बताया गया कि द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रमुख काशी विश्वनाथ मंदिर अनादि काल से काशी में स्थित है, ज्योतिर्लिंग में प्राण प्रतिष्ठा करने के उपरांत इसे स्थापित किया गया था। जो जीवित स्वरूप है और उसका कभी विध्वंश नहीं हुआ है। बल्कि मात्र मंदिर के स्वरुप को क्षतिग्रस्त किया गया था । मंदिर के मलबे से ही कथित मस्जिद के भवन का स्वरूप बनाया गया। हर स्थिति में ज्योतिर्लिंग अपने स्थान पर कायम रहा है।

'11 लाख बच्चों को खसरे का टीका न लगने की रिपोर्ट फर्जी'

नई दिल्ली

गत वर्ष 11 लाख बच्चों को खसरा से बचाव को पहला टीका न लगने का दावा करने वाली मीडिया रिपोर्ट को शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने खारिज कर दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूएस सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में मीडिया रिपोर्टों के हवाले से आरोप लगाया गया है कि भारत में तकरीबन 11 लाख बच्चों को 2022 में खसरे के टीके की पहली खुराक नहीं मिली। मंत्रालय ने कहा कि ये रिपोर्ट्स तथ्य पर आधारित नहीं है। मंत्रालय के स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, पात्र 2,63,84,580 बच्चों में से 2,63,63,270 बच्चों को खसरा युक्त वैक्सीन की पहली खुराक मिली।

उप्र में 'हलाल सर्टिफाइड' उत्पाद 'हराम', लगा प्रतिबंध

लखनऊ

अवैध ढंग से हलाल सर्टिफिकेट देने के काले कारोबार को उत्तर प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद शनिवार को प्रतिबंध के बारे में आदेश भी जारी कर दिया गया। आदेश के मुताबिक हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भण्डारण, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगाया जाता है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि हलाल प्रमाणीकरणयुक्त औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्रियों का विनिर्माण, भंडारण वितरण एवं क्रय-विक्रय उत्तर प्रदेश राज्य में करते हुए पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा फर्म के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, निर्यात हेतु विनिर्मित उत्पाद प्रतिबंध की सीमा में नहीं आएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि हाल के दिनों में प्रदेश सरकार को ऐसी जानकारी मिल रही थी कि डेरी उत्पाद, चीनी, बेकरी उत्पाद, पिपरमिन्ट ऑयल, नमकीन रेडी-टू-ईट वेवरीज व खाद्य तेल जैसे उत्पादों के लेबल पर हलाल प्रमाणन का उल्लेख किया जा रहा है। यही नहीं, कतिपय दवाइयों, चिकित्सा युक्तियों व प्रसाधन सामग्रियों के उत्पाद के पैकिंग व लेबलिंग पर हलाल प्रमाण पत्र का भी अंकन किए जाने की सूचना मिली है। औषधियों, चिकित्सा युक्तियों व प्रसाधन सामग्रियों से संबंधित सरकार के नियमों में हलाल प्रमाणीकरण का अंकन उत्पादों के लेबल पर किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 व तत्सम्बन्धी नियमों में हलाल प्रमाणीकरण किये जाने का कोई प्रावधान है। ऐसी स्थिति में यदि किसी औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्री के लेबल पर हलाल प्रमाणीकरण से सम्बन्धित किसी भी तथ्य का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अंकन किया जाता है, तो यह उक्त अधिनियम के अन्तर्गत मिथ्याछाप है, जो कि एक दंडनीय अपराध है। इसी प्रकार, खाद्य पदार्थों के संबंध में लागू अधिनियम व नियमावली के अनुसार खाद्य पदार्थों के लिए षीर्शस्थ संस्था भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को खाद्य पदार्थों के मानकों का निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है, जिसके आधार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिष्चित की जाती है। जबकि हलाल प्रमाणन एक समानान्तर व्यवस्था है जो खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के विशय में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करता है एवं सरकार के नियमों का उल्लंघन करता है।

लखनऊ में दर्ज हुई है एफआईआर, राष्ट्र विरोधी तत्वों को लाभ पहुंचाने की साजिश की आशंका

बीते शुक्रवार को लखनऊ कमिश्नरेट में इस बाबत एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुम्बई, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र मुम्बई आदि द्वारा एक धर्म विशेष के ग्राहकों को मजहब के नाम से कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाणपत्र प्रदान कर उनकी ब्रिकी बढ़ाने के लिए आर्थिक लाभ लेकर अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने इसे बड़ी साजिश की आशंका जताते हुए कहा है कि जिन कम्पनियों ने ऐसा हलाल प्रमाण पत्र इनसे नहीं प्राप्त किया है।

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के बैनर तले समाधान दिवस आज

मेजा। मेजा में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के बैनर तले 19 नवंबर को समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। समाधान 12 बजे से 2 बजे तक मेजा विकासखंड परिसर में रखा गया है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर सुप्रीम कोर्ट दिल्ली शिरकत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रयागराज मंडल के उपाध्यक्ष कमलाकर सिंह ने बताया कि हम और हमारी संस्था लगातार लोगों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयत्न करती है और उन्हें हर तरह की कानूनी सहायता प्रदान करती है। उन्होंने सभी को आमंत्रित किया है कि मानवाधिकार की इस समाधान दिवस को सफल बनाने और लोगों तक बात पहुंचाने के लिए उपस्थित होकर मानव सेवा में एक बड़ा योगदान दें। जिससे आने वाले समय में हर एक व्यक्ति को न्याय और जीने के अधिकार का पूरा स्वाभिमान मिल सके।

जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं : डीएम

कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस : कुल 173 शिकायतें प्राप्त 17 शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज/कोरांव। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को कोरांव तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी लालता प्रसाद पुत्र साधु ग्राम अभिलियापाल, कोरांव के द्वारा कृषि योग्य भूमि का पट्टा कई वर्ष पूर्व होने के उपरांत भूमि को असंक्रमणीय से संक्रमणीय किए जाने, नागेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र रामसजीवन सुभाष नगर नंगर पंचायत कोरांव ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की लाभार्थी सूची में नाम होने के बावजूद आवास न मिलने, जगन्नाथ सिंह पुत्र रामकेवल ग्राम टिकर कोरांव ने राणा प्रताप सिंह पुत्र वमार्जीत सिंह के द्वारा प्रार्थी की भूमि में जबरन पिलर का निर्माण कराये जाने, शिव बहादुर ग्राम देवा, माण्डा के द्वारा अमरजीत व संदीप के द्वारा जबरन सड़क काटकर प्रार्थी के घर के तरफ पानी निकासी करने से गंदे पानी ठहराव होने की शिकायत जिलाधिकारी से किए जाने पर उन्होंने उपजिलाधिकारी कोरांव व सम्बंधित अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 173 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 76, पुलिस विभाग की 37, विकास की 25 एवं अन्य विभागों की 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति/ नोडल अधिकारी कोरांव जे0पी0 सिंह, एसडीएम कोरांव अविनाश कुमार, तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फरियादी महिलाओं पुरुषों ने कानूनगो तथा मांडा पुलिस को सुनाई खरी खोटी, हुआ हंगामा

दो माह से चल रहे कांग्रेस पार्टी के धरने प्रदर्शन पर डीएम ने लिया ऐक्शन,चार दिन के अंदर राजस्व टीम गठित कर पट्टेदारो को कब्जा दिलाए जाने का आदेश

कोराव। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत कुमार चहल ने अपने अधिकारियों संग लोगों की फरियाद सुनी। जनसुनवाई सभागार में डीएम के सामने मांडा से आए एक दिव्यांग परमसुख आदिवासी ने पुलिस की मनमानी कार्य शैली पर भड़कते हुए खरी खोटी सुनाई वहीं कोरांव की कई महिलाओं ने एक कानूनगो की रवैया से नाराज हो कर हंगामा किया और अपने कागज आवेदन जबरजस्ती छीन लिए पुलिस को बीच बचाव करना पड़ा। राजस्व विभाग सहित कई विभागों के मामले आए जिसमें डीएम सहित उपस्थित अफसरों ने संबंधित अफसरों को समुचित निस्तारण के आदेश दिए। डीएम श्री चहल ने अंत में कांग्रेस पार्टी द्वारा महीनों से चल रहे कुल सत्रह गांवों की समस्याओं को ले कर धरने प्रदर्शन में मामलों के बारे में पूर्व विधायक राम कृपाल कोल ने डीएम को मिल कर सारी दास्तान बताई। डीएम ने एसडीएम कोराव को चार दिन के अंदर आवश्यक टीमें गठित करके पट्टेदारों को कब्जा दिलाने और मांग पत्र का समाधान करने का निर्देश दिया। पूर्व विधायक राम कृपाल ने बताया कि आज डीएम साहब ने बाते सुनीं है और एसडीएम को कार्यवाही के लिए आदेश दिए हैं। फिलहाल मामला हल न होने तक धरना जारी रहेगा। इसी तरह भारतीय किसान यूनियन लीडर पिंटू चौबे के नेतृत्व में एक ज्ञापन डीएम को धान क्रय केंद्रों की मनमानी से संबंधित दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस मेजा में कुल 158 शिकायतें दर्ज हुई

अखंड भारत संदेश

मेजा। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मेजा जयजीत कौर की अध्यक्षता में हुई,जिसमें विभिन्न विभागों से कुल 158 शिकायतें मिलीं।सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। विभिन्न विभागों में राजस्व से 54,पुलिस से 50,विकास से 13,समाज कल्याण से 5,शिक्षा से 2,स्वास्थ्य एक और अन्य से 33 मामले दर्ज किए गए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारी को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।इस मौके पर तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश, नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह, मेजा, मांडा, खीरी और कोरांव थाने से संबंधित उपनिरीक्षक, जेई मेजा आशीष कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी रागिनी कौशिक और सुलह अधिकारी एपी सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

धर्मांतरण मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में लोगों को शादी, नौकरी, शिक्षा आदि में रूपए पैसे का प्रलोभन देकर माइंड वाश करते हुए हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में धर्मांतरित करने के संबंध में दर्ज मुकदमे में फरार आरोपी सुसेराज पुत्र एस दोराई निवासी चकदोंदी नैनी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस संबंध में विधि कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक अक्टूबर को भाजपा के नेता विभवनाथ भारतीय ने चाका मोहल्ले में चल रहे धर्मांतरण सभा के खिलाफ नैनी पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इस मामले में कई आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। उक्त आरोपी को मुकदमा दर्ज होने के पश्चात ही फरार था। नैनी पुलिस ने उसे मिजार्पुर के लालगंज बाजार के पास बसई गांव से गिरफ्तार किया है।

मऊआइमा थाना दलालों का अड्डा बनने का आरोप कई दिनों तक थाने में बंद कर धनादोहन का इल्जाम

शुक्रवार को दलाल ने पुलिस के नाम पर तीन हजार लिया था, इसके पूर्व भी हुई थी घटना

मऊआइमा। मऊआइमा थाने के पुलिसकर्मियों पर पूछताछ के नाम पर लोगों को कई कई दिनों तकबैठा कर धनादोहन का आरोप तो लग ही रहा है। थाना गेट पर बाइकों की लम्बी भीड सुबह से लगी रहती है ।आरोपित है कि दलालों के माध्यम से धनादोहन पुलिस का जरिया बन गया है। मऊआइमा थाने की पुलिस पर इन दिनों पूछ ताछ के नाम बेगुनाहों को कई कई दिनों तक थाने में बैठा कर सौदेबाजी करने का आरोप लग रहा है।आरोपित है कि विगत दिनों हत्या की कोशिश के दो नामजद आरोपियों को पकड कर छोड दिया गया।आरोपित है कि अब मऊआइमा पुलिस महरौंडा के मसरुर को तीन दिनों से बैठा कर सौदेबाजी करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि मसरूर के परिजनों ने अधिकारियों से शिकायत की है।बता दें कि थाने में सुबह बाइकों की भीड लग जाती है और दलाल सक्रिय हो जाते हैं। उदाहरण स्वरूप शुक्रवार को ग्राम जमखुरी निवासी वीरेन्द्र कुमार और उसकी पत्नी से दलाल पुलिस के नाम पर तीन हजार रूपया ऐंठ कर चम्पत हो गया। लोगों का आश्चर्य इस बात पर हुआ कि एक महिला कांस्टेबल ने कहा कि तीन हजार रूपया जब लिया तो उसे पुलिस को देना था।ढाई हजार पुलिस लेकर काम कर देती पांच सौ रूपया उसे मिल जाता। बहरहाल मऊआइमा थाने की पुलिस इन दिनों काफी चचाओं में है।चर्चा है कि थाने पर किसी का कोई अंकुश नहीं है।और यह बेलगाम हो चुका है।

न्यूज झरोखा

बार और बेंच की समन्वयक बैठक में परवाना फीडिंग का मुद्दा रहा छाया

मेजा। बार और बेंच की एक समन्वयक बैठक तहसील सभागार में अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाने पर जोर दिया गया। एसडीएम मेजा जयजीत कौर ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय से ही फरियादियों को न्याय दिलाया जा सकता है।एसडीएम ने कहा कि बार -बैंक एक परिवार की तरह है। कोर्ट को सुचारु रूप से संचालित किए जाने पर अधिवक्ताओं का सहयोग जरूरी है। तहसीलदार रवि प्रकाश सिंह ने कहा अधिकारी और अधिवक्ता के बीच बेहतर संवाद फरियादियों के हित के लिए जरूरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए समस्याओं से संबंधित सुझाव को दूर करने के प्रयास की बात कही। इसके पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र दुबे, इंद्रदेव मिश्र,मंत्री चंद्र मणि शुक्ल, बैजनाथ यादव, एस पी मिश्रा, देवानंद सिंह, अनिल पांडेय, अनिल यादव, पद्मकांत शुक्ल, विनोद तिवारी और कमलेश मिश्र ने तहसील से संबंधित समस्याओं का जिक्र किया। कोर्ट के आदेश, परवाना फीडिंग, रजिस्ट्रार कानूनगों के अमल दरामत से संबंधित व कर्मचारियों के व्यवहार समेत कई समस्याओं को रखा। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हीरालाल मिश्र ने किया।इस मौके पर नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह और चकबंदी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

कमलेश कुमार भट्ट स्मृति जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सत्यमेव जयते का आयोजन

नैनी। नैनी स्थित गंगोत्री एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल में सोल्लास संपन्न हुआ। गंधर्व लोक प्रयाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बेबी शो फैंसी ड्रेस क्राफ्ट रंगोली गायन आदि विषयों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की केन्द्र अधीक्षक बबिता सिंह के अनुसार कला में आकांक्षा को प्रथम शौर्य को द्वितीय वैश्नवी को तृतीय पुरस्कार मिला। क्राफ्ट में समर्थ सिंह को प्रथम परी को द्वितीय आराध्या भारतीया को तृतीय पुरस्कार मिला। काव्य पाठ प्रतियोगिता में स्वास्तिक द्विवेदी को प्रथम शिवांश पाण्डेय को द्वितीय और अमित गुप्ता को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप रंगोली में निहारिका स्मृति को प्रथम अल्सदा श्रृष्टि को द्वितीय अनामिका राधिका और हर्षिता के ग्रुप को तृतीय पुरस्कार मिला। निबंध प्रतियोगिता में श्रेया पांडेय वैश्नवी सिंह हर्षिता सिंह यश यादव को क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सान्त्वना पुरस्कार मिला।गायन में विकल्प को प्रथम अदिति को द्वितीय युग को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समूह गान में राजनंदिनी के ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल अनुपमा भदौरिया विद्यालय स्टाफ के साथ गंधर्व लोक प्रयाग के निदेशक विजय कुमार उपस्थित रहे।

तेजाब फेंक कर जख्मी करने वाले आरोपी को अजीवन कारावास व एक लाख अर्थ दंड की सजा

चार वर्ष पूर्व युवती के ऊपर डाला था युवक ने तेजाब

मऊआइमा। चार वर्ष पूर्व मऊआइमा के एक युवक ने एक युवती पर तेजाब फेंक कर जख्मी कर दिया था।जिसका मुकदमा दर्ज हुआ था।अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश ने आरोपी युवक को अजीवन कारावास और पांच लाख अर्थ दंड लगाया है।यह निर्णय शनिवार को आया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम परमानंदपुर खजुरहा निवासनीय एक युवती पर एक युवक ने तेजाब डाल कर उसकी ज़िंदगी बर्बाद कर दी थी। मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार्ज शीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी। मऊआइमा इंस्पेक्टर के अनुसार आरोपी सौरभ पटेल पुत्र मंगल देव पटेल के आरोपों को सुनते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्षा 12 ने सौरभ पटेल को शनिवार को अजीवन कारावास और एक लाख का जुमार्ना लगाया है। बताया गया है कि उक्त केस की पैरवी मारूत्यानन्द मिश्रा सहायक लोक अभियोजन क्रिमिनल,तथा इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह एंव पैरोकार आदि ने मुकदमा की जमकर पैरवी की थी।उधर युवती के परिजनों में खुशी की लहर व्याप्त है।

कपड़ा व्यवसायी के निधन पर शोक

सहसों। सहसों बाजार निवासी कपड़ा व्यवसायी अशोक कुमार केसरवानी पंडा लगभग 65 वर्षीय की हृदय गति रुक जाने से असामयिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में शोक की लहर है। निधन की जानकारी मिलते ही आसपास के व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना एवं श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। इस मौके पर राजकुमार परिहार, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रमेश केसरवानी, महेंद्र केसरवानी, रवि केसरवानी, ई.शीतला प्रसाद गुप्ता, सोहनलाल केसरवानी, अमित जायसवाल, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, सुभाष मौर्य, मोनू गुप्ता, अंकित केसरवानी, विमल गुप्ता एवं शोक संतप्त परिवार सहित आदि लोग श्रद्धांजलि देते उपस्थित रहे।

प्रा. विद्यालय उमरी में दरवाजा तोड़कर हजारों की चोरी

अखंड भारत संदेश

सहसों। विकास खण्ड बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय उमरी में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे सारे सामान उठा ले गए तथा पानी की टंकी व पाइपलाइन को छतिग्रस्त कर दिया। सुबह विद्यालय पहुंची प्रधानाध्यापिका अल्का वर्मा ने देखा तो इसकी लिखित सूचना सराय इनायत पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय उमरी में विद्यालय बंद होने के पश्चात सारे शिक्षक घर चले गए रात में अज्ञात चोरों ने मौका पाकर विद्यालय के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर घुस गए जहां पर विद्यालय का रजिस्टर, कुर्सी, मेज, भगोना, ब्लूटूथ स्पीकर, बल्ब, राशन एवं अन्य सामग्री आदि उठा ले गए। उचित कार्यवाही के लिए प्रधान अध्यापिका द्वारा सराय इनायत थाने में लिखित तहरीर दे दिया गया है। क्षेत्र में बढ़ती चोरी एवं अन्य घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों में काफी रोष व्याप्त है। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लोगों का कहना है कि लगभग डेढ़ दो महीने से पुलिस चौकी सहसों इंचार्ज विहीन चल रही है ऐसे में बेलगाम पुलिसकर्मी अपनी गैर जिम्मेदराना ड्यूटी निभा रहे हैं जिससे लोगों में भय व्याप्त है।

मैजिक वाहन से बाइक सवार घायल अस्पताल में भर्ती

मऊआइमा। बाइक से जा रहे युवक को मैजिक ने टक्कर मार दी। यूवक गंभीर रूप से घायल जो गया जिसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुची पुलिस मैजिक को थाने में खडी करा ली है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलीवृसिंहपुर निवासी राम आसरे 35 वर्ष बाइक से नौगिरा की ओर जा रहा था। बताते हैं कि सामने से आ रहे मैजिक ने बाइक में टक्कर मार दी। राम आसरे बुरी तरह जख़्मी हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

मामूली बात पर महिला पिटाई

मऊआइमा। मामूली बात पर पडोसी ने महिला को लाठी डंडा से पीट कर लहुलुहान कर दिया। महिला ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हटिया भवानीगढ़ गांव निवासनीय मुन्नी देवी पत्नी श्याम लाल का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे डंडा से पीट कर जख्मी कर दिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अमृत लाल पटेल पुत्र सुरेंद्र कुमार पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मांडा बरौंधा जंगली मार्ग बेहद खराब, राहगीरों को करनी पड़ रही परेशानियों का सामना

अखंड भारत संदेश

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा , हाटा,बरौंधा जंगली मार्ग गड्ढायुक्त होने से राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रास्ता जंगली होने के कारण सांझ ढलते ही इस रास्ते से जाने में लोग डरते हैं। क्षेत्र के समाजसेवी ने बताया कि मांडा खास से बरौंधा दूरी 17 किमी मार्ग में लगभग 14 किमी जंगली रास्ता है । वही जनपद व दो प्रदेश एमपी- यूपी को जोड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा राजमार्गों एवं आम मार्गों को गड्ढामुक्त करने का हर बार का आदेश मांडा , हाटा,बरौंधा मार्ग पर बेअसर रहा । जिससे मांडा क्षेत्र की मुख्य सड़के अपनी दयानिकता पर आंसू बहाते हुए गढ्ढे में तब्दील हो गई है। लग्न बारात का समय होने के कारण लोगों को इस रास्ते से सांझ ढलने के बाद गुजरने में लोगों को भय लगता है । रास्ता जंगली और बेहद खराब होने के कारण दिन में भी वाहनों की गति काफी कम रखनी पड़ती है। हाटा, मेंहा, दसवार, दोहथा, परसीधी, पूरा पांडेय, धनावल आदि तमाम गांवों के लोगों का प्रमुख बाजार मांडा खास और भारतगंज कस्बा होने के कारण लोगों को खरीदारी हेतु अक्सर इसी मार्ग से आना- जाना पड़ता है। इसी तरह मांडा रोड स्टेशन व गंगा घाट की मुख्य सड़क, मांडा भरारी बाई पास, सिकरा कोसड़ा कला की मुख्य सड़के पूर्ण रूप से गढ्ढे में तब्दील हो गया है उसी सड़क से राहगिरो के साथ स्कूली बच्चे गिर कर चुटहिल होते रहते हैं। तमाम ग्राम प्रधानों और सामाजिक संगठनों ने विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से इस मार्ग को अविलंब गड्ढडामुक्त कराने की मांग की है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

अखंड भारत संदेश

करछना। भव्य एवं पारंपरिक वेश में शनिवार से क्षेत्र के हरदुआ गांव में श्री मद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा पंडाल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक कृष्ण धर द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी अमरावती द्विवेदी ग्रंथ को अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा में आगे-आगे चल रहे थे, वही महिलाएं पीतवस्त्र धारण किए कलश अपने सिर पर रखकर चल रही थी। यह कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होती हुई देवी-देवताओं के मंदिरों पर पहुंची जहां पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कलश यात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हो गई। कथा 18 नवंबर शनिवार से प्रारंभ होकर आगामी 24 नवंबर 2023 शुक्रवार तक चलेगी। श्रीमद् भागवत कथा सरस वाचक आचार्य पंडित यशोदा नंदन महराज जी श्री वृन्दावन धाम के कोकिल कंठ से दोपहर 12:00 से सायं 4:00 बजे तक होगी। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में पंडित यशोदा नंदन जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु.का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

प्रतापपुर। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में वृंदावन धाम से पधारी कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा देवी के द्वारा कथा के चौथे दिन शनिवार को हरीपुर मर्रो गांव में वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया।श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचिका ने कहा कि कंस के कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच गाकर नंदोत्सव मनाया। भजन गायिका प्रियंका दुबे, संगीतकार पवन प्रीत, विकास, योगेश द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर कुल गुरु दिलीप महाराज, मुख्य आचार्य पंडित सुरेश दुबे, मुख्य यजमान श्रीकांत तिवारी एवं धनराजी देवी, शिवदेवी, शीतला प्रसाद तिवारी, गुलाब देवी, लालमणि तिवारी, हीरामणि तिवारी, सुरेश तिवारी, दिनेश तिवारी, सुमित तिवारी, शैलेश तिवारी, सुभाष तिवारी, सुनील तिवारी, अनिल तिवारी, दीपक, अमित, दिलीप, विनीत, विमल, अनुज, विकास, वेंकटेश, कृष्णा, आरुष, हर्ष, ध्रुव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में माघ मेला 2023- 24 की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के रिहर्सल के दृष्टिगत माघ मेला 2023- 24 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ अभिनव प्रयोग कराए जा रहे हैं जिन पर विस्तार पूर्वक चर्चा आज मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता तथा मेला अधिकारी, कुंभ मेला, विजय किरन आनंद, प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, दयानंद प्रसाद तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में हुई बैठक में संपन्न हुई।आगामी माघ मेले में कई प्रयोग कराए जा रहे हैं जिस में 165 सोलर हाइब्रिड एलइडी स्ट्रीट लाइट, 10 वाटर एटीएम, स्टैंड पोस्ट के प्लेटफार्म डिजाइन में परिवर्तन, 2 पांटून पुलों (काली एवं त्रिवेणी) पर दोनों तरफ डीलीनिएटर्स लगाने (जो की रात्रि में लोगों को गाइड करेंगे) का कार्य, श्रद्धालुओं को गाइड करने हेतु ₹मैं यहां हूं₹ का साइन बोर्ड, विभिन्न स्थानों पर थिमेटिक गेट्स, शौचालयों में बदबू को रोकने हेतु ओडर फ्री सॉल्यूशन का प्रयोग तथा नई डिजाइन वाले चेंजिंग रूम लगाए जाएंगे।मंडल आयुक्त ने बैठक में सभी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने, पांटून एवं रोड बनाने के कार्यों को टाइमलाइन बनाकर पूर्ण कराने, सभी कार्यों का क्रियान्वयन समय अंतर्गत सुनिश्चित करने हेतु एक ट्रैक्टर के माध्यम से ट्रैक करने तथा शौचायलयों की क्वालिटी बेहतर करने पर जोर दिया। मेला अधिकारी कुंभ मेला ने सभी कार्यों में सर्विस लेवल बेंचमार्किंग सुनिश्चित करने (जिससे कि सभी कार्यदाई संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का अनुसरण करते हुए उनसे उत्कृष्ट कार्य करना सुनिश्चित कराया जा सके) पर जोर दिया। माघ मेला इस वर्ष 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 8 मार्च तक चलेगा। लगभग 54 दोनों तक चलने वाले इस मेले को लगभग 770 हेक्टेयर में बसाया जा रहा है एवं 5 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। परंतु इस वर्ष सेक्टर 1अ जो अरैल में बसता है उसके अलावा सेक्टर 5अ नाग वासु के पास भी बसाया जाएगा। कुल 6 पांटून पुल बनाए जाएंगे तथा लगभग 110 किलोमीटर लंबी चेकर्ड प्लेट्स के माध्यम से सड़कें बनाई जाएगी।

नैनी गल्ला मंडी में प्रोजेक्टर टीवी से दिखाया जायेगा मैच

मैच के बाद डीजे से नैनी बाजार में जुलूस निकाला जाएगा

नैनी। नैनी बाजार में क्रिकेट प्रेमियों के लिए गल्ला मंडी के समस्त व्यापारीगण की तरफ से 19-11-2023 दिन रविवार को इंडिया ऑस्ट्रेलिया का फाइनल लाइव मैच का प्रोग्राम, प्रोजेक्टर टीवी ढोल ताशा डीजे म्यूजिक कुर्सी टेंट व्यवस्थित व्यवस्था के साथ गल्ला मंडी मैदान में रखा गया है। जिसमें सभी समस्त व्यापारीगढ़ भाई बहन आदि आमंत्रित हैं सौजन्य से सुभाष चंद्र गुप्ता मुनीम, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, राजेश साहू, विनोद केसरवानी, विकास जायसवाल उर्फ पंडित, ऋषभ केसरवानी, गुड्डू आकाश जायसवाल, लाला केशरवानी मयंक जायसवाल आदि गल्ला मंडी व्यापारीगढ़ संरक्षक पार्षद व अध्यक्ष व्यापार मंडल राकेश जायसवाल, विकास जायसवाल सोनू भैया, प्रेम प्रकाश जायसवाल व गल्ला मंडी के व्यापारी गण रहे।

कस्बा चौकी इंचार्ज सहित कई पुलिस कर्मी निलंबित

कई दिनों तक कमरे में बंद कर प्रताड़ित करने से बेहोश हुए युवक का मामला, बेहोशी हालत में उसे फाफामऊ के एक निजि अस्पताल में कराया गया था भर्ती, डीसीपी गंगापार ने की थी जांच

मऊआइमा। डेढ माह पूर्व एक युवती ने जनसेवा केंद्र के संचालक पर आरोप लगाया था कि उसके साथ छेड़खानी हुई।जांच में मामला झूठा पाए जाने के बावजद भी मऊआइमा कस्बा चौकी प्रभारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने युवक को कमरे में बंद किए। हालत गंभीर होने पर रात में गुप चुप ढंग से फाफामऊ निजि अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जांच डीसीपी गंगापार ने की तो पुलिस प्रताड़ना एंव धनादोहन का मामला सामने आया। डीसीपी के जांच पर अधिकारियों ने कस्बा चौकी प्रभारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी रियाज अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी पंजाब नेशनल बैंक के पास जन-सेवा केन्द्र चलाते हैं। बताया गया है कि उनके यहां प्रतापगढ़ के देल्हूपुर के छितपालगढ की एक लडकी काम करती थी। आरोप है कि पहले युवती ने रियाज पर पैसे के लेन देन का आरोप लगाया मऊआइमा पुलिस ने दिलवा दिया। आरोप है कि कुछ दिनों के बाद युवती ने एक अक्टूबर को रियाज अहमद पर छेड़खानी का आरोप लगाई।तो कस्बा चौकी प्रभारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने रियाज अहमद को कमरे बंद कर धनादोहन किए और धन के लिए कई दिनों तक प्रताड़ित किए। जिससे रियाज अहमद कहीं से जहर खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो जाने पर फाफामऊ निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया।जब उक्त खबरें मीडिया की सुर्खी बनी तो तत्काल अधिकारी आ कर रियाज अहमद को घर भेज दिया गया।तीस हजार रूपया रियाज अहमद के पिता मुस्ताक अहमद को वापस दे कर अपने पक्ष में बुलवा कर वीडीयो बनवा लिए।समाचारों की कटिंग लखनऊ तक टियूट किया गया तो।इसी जांच आई पी एस गंगापार अभिषेक भारतीय को मिली तो उन्होंने जांच सही पाए जाने पर रिपोर्ट अधिकारियों को दी। जिसपर मऊआइमा कस्बा प्रभारी संजय मौर्या, कांस्टेबल अंकुर यादव, अर्जुन सिंह,देवी यादव, आशुतोष गिरी, दिनेश यादव को देर रात निलंबित कर दिया गया। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि आदेश तो आया है परन्तु अभी रवानगी का निर्देश नहीं आया।

एक पखवारे में तीन लोगों की मौत से ग्रामीणों में दहशत

अखंड भारत संदेश

सोरांव। इस समय डेंगू मच्छर इलाके में अपना पांव पसार चुका है। तथा मौसम के उतार चढ़ाव के कारण हर गांव में दो चार मरीज डेंगू बुखार से ग्रसित मरीज पाए जा रहे है। शुक्रवार की शाम बाहर सराय गांव के एक 35 वर्षीय युवक महेश विश्वकर्मा पुत्र सीताराम जो अचानक एक सप्ताह पहले बुखार से पीड़ित हुआ तो ब्लड रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई। तत्काल घर वालों ने गांव के पास एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। कई दिनों तक इलाज होने के बावजूद आराम नही हुआ तो शुक्रवार शाम को अचानक तबियत खराब होने लगी। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव में एक पखवारे में बुखार से तीसरी मौत होने से लोगों में दहशत है। ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य, शमशेर पटेल आदि लोगों की माने तो यह सभी मौत डेंगू से हो रही है। लगभग एक सप्ताह पहले भी रमेश गौतम और एक यादव बिरादरी के युवक की भी मौत हुई है। जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रधान मनोरमा देवी और पति राम गणेश का कहना है कि कई बार गांव में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दवा का छिड़काव के लिए कहने मांग किया लेकिन आरोप है कि सही जवाब नही दिया गया। इस बाबत सीएचसी प्रभारी सोरांव कि अधीक्षक अनुपम द्विवेदी का कहना है कि इस प्रकरण में हमारे पास अभी कोई भी जानकारी नहीं है। कुछ गांव में ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त खाते बीएचएनसी में पैसा भेजा गया है और प्रधानों को कह दिया गया है कि पैसे को निकाल कर गांव में दवा का छिड़काव कर लें। तथा जिस गांव में अभी पैसा शासन की तरफ से नहीं भेजा गया है। ऐसे गांव के लिए विभाग से मांग किया गया है। कि जल्द से जल्द पैसा भेज दिया जाए। जिससे छिड़काव हो सके।

अरैल में छठ मैया पूजन उत्सव की तैयारी पूरी

पुलिस प्रशासन ने घाटों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी अरैल में छठ मैया पूजन उत्सव की पूरी तैयारी हो गई है छठ मैया का पूजन प्रारंभ पूर्वांचल महासमिति नैनी प्रयागराज के अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में अरैल नैनी प्रयागराज संगम तट पर तीन घाटों का निर्माण कराया गया जिसमें पूर्वांचल महासमिति ने विशेष रूप से अपने साधन से संथलीकरण कराया गया और महानगर महापौर गणेश के केसरवानीजी के निर्देशन से नगर निगम के द्वारा भी संथलीकरण एवं रोड की व्यवस्था सफाई की गई बृजेश यादव व्यास ने बताया की हर वर्षों की बात इस वर्ष भी कम से कम सात गेट पूर्वांचल महासमिति की ओर से बनाया जा रहा है तीन ट्रैक्टर एवं जेसीबी लगा करके संथलीकरण कराया जा रहा है मेला क्षेत्र का निरीक्षण लेने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजीत सिंह चौहान एवं चौकी प्रभारी परमानंद सिंह मौजूद थे जिन्होंने और कर्मचारियों को कल भीड़ इकट्ठा न होने पाए उसकी निर्देश सहायक पुलिस आयुक्त करछना चौकी प्रभारी परमानंद सिंह को दिया इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण यादव सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार बृजेश यादव व्यास संरक्षक दयानंद पांडे सुरेंद्र सिंह धनेश सिंहविजय सिंह बाबा राजेंद्र तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता राजेश साहू प्रमोद सिंह पप्पू सिंह हरेंद्र सिंह पवन यादव दिलीप यादव संजय श्रीवास्तव पंडित दामोदर प्रसाद तिवारीआज पूर्वांचल महासमिति के सदस्य गण एवं क्षेत्राधिकार नैनी के द्वारा घाटों का निरीक्षण किया गया एवं मेले की तैयारी की चौकस व्यवस्था पूर्वांचल महासमिति ने किया है।

छतनाग घाट पर छठ पर होगा संस्कृतक कार्यक्रम

झूंसी। छठ पूजा के लिए झूंसी के घाटों पर तैयारी पूरी हो गई है। पूरा घाट लगी लाइट की सफेद रोशनी से जगमगा रहा है। शनिवार की शाम श्रद्धालु अपना स्थान निर्धारित करने के लिए बेदी बनाते नजर आए। पार्षद शिवनारायण यादव घुंनु के द्वारा छतनाग घाट पर मोबाइल टॉयलेट, चेंजिग रूम की भी व्यवस्था कराई है। उन्होंने ने बताया कि छठ पर संस्कृतिक सन्ध्या का भी आयोजन किया गया है।

सेवा भारती के अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष के साथ घाटों का निरीक्षण किया

नैनी। नैनी अरैल में छठ पूजा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा इस बार पूर्वांचल महासमिति नैनी प्रयागराज की तरफ से अध्यक्ष अरुण यादव संरक्षक दयानंद पांडे प्रमोद सिंह धनेश सिंह हरेंद्र सिंह पप्पू सिंह संजय श्रीवास्तव बीजेपी के वरिष्ठ नेता विशेष सहयोगी प्रयागराज सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह व समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार समाजसेवी मंटू सिंह मोनू सिंह विनय सिंह राजेश साहू राजेंद्र यादव टुनटुन पांडे व समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी कड़ी में नैनी अरैल में छठ पूजा त्योहार को लेकर डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी एवं एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी यशपाल सिंह एवं अरैल चौकी इंचार्ज परमानंद और पूर्वांचल महासमिति के अध्यक्ष के साथ अरैल क्षेत्र में छठ पूजा हेतु बनाये गये घाटों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया और गाड़ी पार्किंग को लेकर पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया इस मौके पर डीसीपी यमुनानगर ने कहां छठ पूजा पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी पुलिस प्रशासन हर समय उनके सहयोग में बनी रहेगी।

महापौर ने मेला अधिकारी एवं नगर आयुक्त व 41 वार्डो के सभासदों के साथ की समन्वय बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे कार्यों से जनप्रतिनिधियों को जोड़ने तथा जन समस्याओं के निराकरण हेतु आज महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता तथा मेला अधिकारी विजय किरन आनंद एवं नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग की उपस्थिति में प्रथम चरण में मेला क्षेत्र से सटे 41 वार्डो के सभासदों के साथ समन्वय बैठक मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संपन्न हुई।बैठक में जल निगम, विद्युत विभाग तथा नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा वार्ड वार उन विभागों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। माननीय सभासदों द्वारा उनके वार्डो में वॉटर पाइपलाइन, ड्रेनेज, विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं तथा सड़कों संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया जिस पर पुरानी परियोजनाओं के अंतर्गत हुए कार्यों में आ रही समस्याओं की गैप एनालिसिस करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा बनाई जा रही सड़कों पर अनिवार्य रूप से पटरी बनाने तथा निर्माण से पहले ड्रेनेज चैंबर को थोड़ा उठाने ताकि निर्माण के उपरांत चैंबर सड़कों में धस ना जाए की भी अपील की गई। सभी वार्डों में कुछ गालियों के विकास हेतु सभासदों के साथ एक समिति बनाते हुए उनका चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिए गए। पार्षदों द्वारा पानी की टंकियों से संबंधित भी कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया जिस पर मेला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सत्यापन कर यदि कोई कमी कहीं भी पाई जाती है तो उसे 15 दिन के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिए। आगामी कुंभ के दृष्टिगत जो नए काम कराए जा रहे हैं उसकी कार्य योजना के बारे में सभी स्टेकहोल्डर्स को अवगत कराने के लिए भी कहा गया।बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नगर निगम द्वारा कुछ टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन किए गए हैं जिसके अंतर्गत रोबोट के माध्यम से ड्रेनेज पाइपलाइन एवं वॉटर पाइपलाइन में लीकेज एवं कंन्टेमिनेशन का आकंलन करना संभव हो सका है। इस दिशा में काम चल रहा है और शीघ्र ही इस प्रक्रिया को और वृहद रूप दिया जाएगा जिससे कि भविष्य में पानी की लीकेज एवं पाइपलाइन में गंदगी की समस्या से निजाद मिल सकेगा।बैठक में माननीय महापौर ने सभी से एक आदर्श मेला कराने हेतु पॉजिटिव एटीट्यूड के साथ प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करने की अपील की तथा प्रयागराज को एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में अपना अपना योगदान करने को कहा।

चोरी की बाइक और गांजा समेत युवक गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मुंडी चक मोहल्ले से चोरी की बाइक और 1 किलो 100 ग्राम गांजा समेत एक युवक को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि वह युवक आसपास के क्षेत्र में गांजा की सप्लाई किया करता था। उक्त युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधि कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर ने क्षेत्र में हो रही गाजा सप्लाई के बारे में बताया तो सतर्क पुलिस ने सुबह 8:00 बजे धर्मराज मिश्रा पुत्र श्याम जी मिश्रा निवासी बाबरा कला, थाना हलिया जनपद मिजार्पुर को मुंडी चक के पास से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी की बाइक और गांजा बरामद किया। जांच के दौरान पुलिस ने पुलिस को पता चला कि उक्त बाइक कीडगंज के अंजनी कुमार केसरवानी के नाम रजिस्टर्ड है। जो कुछ समय पूर्व चोरी हो गई थी।

स्कूल करियर के विकास का केंद्र : आस्था जयसवाल

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्कूल स्टूडेंट्स के करियर के विकास का प्रमुख केंद्र होता है। हम स्कूल में शिक्षा के साथ अन्य करियर विकास के लिए बहुत सारे हुनर सीखते हैं। यह बाते सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी आस्था जायसवाल ने पटेल नगर स्थित एमआरएस स्कूल एंड कॉलेज में बाल मेले में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास में स्कूलों का प्रमुख योगदान है। आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य चित्रा भद्रा ने किया। प्रबंधक अरविंद सिंह पटेल ने मेले के आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर बच्चो ने तरह की दुकानें लगाई। संचालन आयशा रहमान ने किया। राघवेन्द्र श्रीवास्तव, अंकित सिंह, सनी सिंह, आनंद सिंह, रीना श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव सहित छात्र-छात्राये उपस्थित रही।

बढ़वारी कला गांव में पहुंचे जांच अधिकारी, विभागीय अधिकारियों के न पहुंचने से लौटे बैरंग

कोरांव। विकासखण्ड कोरांव के बढ़वारी कलां गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए रिबोर एवं प्राथमिक विद्यालय बढ़वारी कला खास में गेट न लगाए जाने के बावजूद भी उक्त कार्यों का पैसा गटक लिया गया था जिसकी शिकायत गांव के ही अनूप मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों से की तो उसकी जांच करने शनिवार को तहसील दिवस में आए जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच अधिकारी पीडब्ल्यूडी एई मौके पर पहुंचे तो वहां कोई भी विभागीय अधिकारियों की बिना मौजूदगी और उनके द्वारा बिना किसी कागजात के वह बैरंग वापस लौट गए। जांच अधिकारी ने शिकायत कर्ता अनूप मिश्रा एवं प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद मोहन शर्मा को फोन कर बुलाया और मौका मुआयना किया। उनके बुलाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद मोहन पहुंचे लेकिन कोई भी कागजात नहीं लेकर गए जिससे जांच अधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते वह अगली तारीख निश्चित कर बाद में जांच करने मौके पर पहुंचेंगे और वापस वह लौट गए।

शुआट्स परिसर में ट्रक अनियंत्रित होकर 20 फिट गड्ढे में गिरा

अखंड भारत संदेश

नैनी। शुआट्स परिसर में शुक्रवार देर रात मध्य प्रदेश की ओर से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर 20 फिट नीचे नैनी स्थित शुआट्स परिसर में जा गिरा। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। कौशांबी के पिपरी थाना क्षेत्र निवासी विजय चौहान खुद का ट्रक चलाता है। जबलपुर से मक्का का दाना लादकर वह प्रयागराज के पीपर गांव जा रहा था। उसके साथ खलासी लक्ष्मण पुत्र बांके लाल निवासी तिवारी तालाब, पूरामुफ्ती भी था। नैनी में शुआट्स कालेज के सामने आगे चल रही गाड़ी का टायर फट गया। उसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर रेलिंग पार करते हुए शुआट्स परिसर में जा गिरा। घटना से आसपास लोगों में हड़कंप मच गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

प्राकृतिक चिकित्सा एक औषधि विहीन चिकित्सा पद्धति है : डॉ रमेश चंद्रा

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी विगत तीन दशक से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा बिखेर रहे विश्व संवाद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के क्षेत्रीय मंत्री एवम लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने आज राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर डभाव चाका नैनी स्थित सत्यम गर्ल्स इंटर कॉलेज के लगभग ढाई सौ बड़े छात्र एवं छात्राओं को आज के दिन का महत्व बताया एवं उनको नियमित दिनचर्या, नियमित खानपान, रहन सहन और साफ सफाई के एवम स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का निर्देश दिया। इस पर उन्होंने यह कहा की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एक औषधि विहीन चिकित्सा पद्धति है, और यह एक स्वस्थ जीवन जीने की कला है। यह शरीर पांच भौतिक तत्वों से निर्मित है जिसमें आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी का विशेष महत्व है। इन पांच तत्वों को सम रखने से ही हमारा शरीर स्वस्थ रह सकता है। प्रकृति स्वयं एक महान चिकित्सक है, पशु पक्षी कभी भी जल्दी बीमार नहीं होते यदि बीमार भी होते हैं तो वह प्रकृति के सहारे रहकर अपने आप को पूरी तरह ठीक कर लेते हैं। लेकिन आजकल की भाग दौड़ की जिंदगी में हमारे बच्चों के दिनचर्या और खानपान बिगड़ गया है। वह सब चाऊमीन, बर्गर, पिज्जा मोमोज और तमाम प्रकार के जंक फूड खाने की आदत पड़ गई है जिससे आज समय वह तमाम बीमारियों से ग्रस्त हो जा रहे हैं, और उनकी आयु कम होती जा रही है।हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे जिद करते हैं तो हम लोग उनको ? 5 की पैकेट वाला चिप्स ,कुरकुरे एवं अन्य चीज दिला देते हैं जो बच्चों के लिवर को खराब कर रहा है और आज असमय ही उनको फैटी लिवर हो जा रहा है। और समय से पहले ही तमाम बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। यदि हम थोड़ा सा ध्यान दे दे तो यह हमारे आने वाली पीढ़ी हमारे बच्चे और बच्चिया जो कल देश के भविष्य निमार्ता है उनकी जिंदगी बच सकती है। हमें समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान फैलाना पड़ेगा। इस पर सरकार ने भी तमाम प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं ग्रामीण अंचलों में चालू किया है जिससे सभी लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्राकृतिक चिकित्सा ही ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसके द्वारा हम इस बिगड़े हुए समाज को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करके उनको व उनके परिवार को स्वस्थ कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नागेंद्र शुक्ला का विशेष सहयोग। रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं सहित प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ डा सूर्यनाथ प्रजापति, डॉ संतोष यादव, मनोज दुबे, सरिता पटेल जी भी उपस्थित थी।

मैराथन में हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचने लगे धावक, अब तक 350 धावकों ने कराया पंजीकरण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम स्थित खेल कार्यालय में 38वीं इंदिरा मैराथन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार शाम तक साढ़े तीन सौ से अधिक धावक प्रयागराज पहुंच चुके हैं। इसमें कई सेना के धावक हैं जो रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहे हैं। पिछली बार पुरुष वर्ग में तीसरे स्थान पर रहने वाले सेना के धावक अनिल कुमार सिंह शुक्रवार की देर रात प्रयागराज पहुंच चुके हैं। वहीं, महिला वर्ग में तीसरे स्थान पर रहने वालीं ज्योति शंकर राव गवते भी हिस्सा ले सकती हैं।इन दोनों ही धावकों पर इस बार मैराथन में विशेष निगाहें होंगी। अनिल कुमार सिंह प्रयागराज के ही रहने वाले हैं। पिछले वर्ष की मैराथन में उन्होंने पूरी दौड़ 2:23:28 घंटे में पूरी की थी और तीसरे स्थान पर रहे थे। इससे पहले वर्ष 2022 में उन्होंने 2:22:53 घंटे में दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान हासिल किया था। 2018 की मैराथन में अनिल ने 2:25:39 घंटे में दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान हासिल किया था। इस बार पूर्व के चैंपियन शेर सिंह और दूसरे स्थान पर रहने वाले विक्रम बांगरिया के नहीं आने से अनिल के विजेता बनने की उम्मीद बढ़ गई है। अनिल ने बताया कि इस बार पहला स्थान पाकर शहर का पहला विजेता बनने का सपना पूरा करना है। शनिवार को खेल निदेशक आरपी सिंह ने स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव मेला का हुआ समापन

विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स के दूसरे दिन कृषि भवन परिसर में कृषि विभाग द्वारा दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाया गया।

कार्यक्रम में विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, रमेश कुमार मौर्या संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा महोत्सव में लगे विभिन्न विभागों व मिलेट्स के के लगे विभिन्न प्रकार के स्टालों का गहनता पूर्वक अवलोकन करते हुए मिलेट्स के उत्पादों का स्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव में पहुँचे अतिथियों का उप कृषि निदेशक

मिलेट्स महोत्सव मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

विनोद कुमार यादव द्वारा स्वागत करते हुए मिलेट्स के उत्पाद सप्रेम भेंट किया। इसके बाद कलाकारों द्वारा स्वागत गीत के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मिलेट्स उत्पाद के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के कोने कोने से लगभग 1000 की संख्या में किसानों ने सहभागिता निभाते हुए मिलेट्स के उत्पादों का वृहद अवलोकन किया। इस दौरान महोत्सव में आये हुए किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक ढंग से खेती करते हुए अधिक उत्पादन हेतु टिप्स देते हुए उन्हें मिलेट्स के उत्पादों के प्रति प्रोत्साहित किया गया। आयोजित महोत्सव में पधारे हुए संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा संबोधित करते हुए कृषि विभाग के कार्यों का प्रशंसा करते हुए कहा कि मोटे अनाजों के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मेला प्रशंसनीय है। उन्होनें इसे प्रतिदिन के आहार में शामिल करने की बात कही। इस मौके पर विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने सरकार द्वारा चलायी जा रही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। इस मौके पर वरि०प्रावि०सहा0 ग्रुप-ए अरविन्द सिंह, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे। अन्त में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।

क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना

पीबीपीजी कालेज में आयोजित हुआ विजयी भव भारत कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के लिए शनिवार को पीबीपीजी कालेज सिटी में क्रिकेट प्रेमियों ने विजयी भव भारत कार्यक्रम का आयोजन किया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य ने कहा कि विश्वकप में भारतीय क्रिकेट टीम ने अब तक बेहद शानदार प्रदर्शन किया है। फाइनल मुकाबले जीतकर भारतीय टीम तीसरी बार विश्व विजेता बनेगी। इसके लिए हम सभी की शुभकामनाएं हैं। प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय टीम इस समय बेहतर प्रदर्शन कर रही है। साथ ही हर भारतीय की शुभकामनाएं हैं। आनन्द सिंह, रोहन, सलोनी शुक्ला, प्रिया गौड़, मानसी सोनी, गरिमा आदि छात्र- छात्राओं ने सामूहिक विजयी भव गीत गुनगुनाया। कार्यक्रम को डा.केके सिंह, डा.अजय कुमार सिंह, डा.शिव प्रताप सिंह, डा.राजीव कुमार सिंह ने संबोधित किया। संचालन अजीत सिंह ने किया। सहदेव सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, रवि प्रकाश सिंह, अवनीश सिंह, बालेंदु भूषण सिंह, संदीप मौर्य, संकल्प सिंह आदि मौजूद रहे।

पीबीपीजी कालेज में विजयी भव भारत कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व प्राचाय।

रेस व ऊंची कूद में बच्चों ने दिखाया दमखम, ग्रीन हाउस का दबदबा कायम

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी नगर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बच्चों ने अपना दमखम और कौशल दिखाया, जिसमें ग्रीन हाउस का दबदबा दिखाई दिया। पट्टी नगर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को पट्टी नायब तहसीलदार पवन कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत किया उसके बाद स्कूल की ब्वायज तथा गर्ल्स अलग-अलग समूह में अपना प्रदर्शन दिखाया। 100 मीटर रेस जूनियर बॉयज प्रतियोगिता में रौनित मिश्रा प्रथम स्थान तथा निसार अहमद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर रेस जूनियर गर्ल्स प्रतियोगिता में अंशिका तिवारी प्रथम तथा खुशी दुबे को दूसरा स्थान मिला। 200 मीटर रेस सीनियर ब्वायज प्रतियोगिता में अमित प्रजापति को प्रथम तथा अंश मिश्रा को दूसरा स्थान मिला। 200 मीटर रेस सीनियर गर्ल्स प्रतियोगिता में आस्था उपाध्याय को प्रथम तथा श्रेया सिंह को दूसरा स्थान मिला। ऊंची कूद गर्ल्स प्रतियोगिता में हिमांशी यादव को प्रथम तथा यसी सिंह को दूसरा स्थान मिला। 200 मीटर रेस सुपर सीनियर बॉयज प्रतियोगिता में मनीष विश्वकर्मा को प्रथम तथा आदर्श सिंह को दूसरा स्थान मिला प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस व येलो हाउस का दबदबा दिखाई दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल संतोष जैकब ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा शारीरिक को मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह प्रतियोगिता कराई जाती है जिससे उनका उत्साहवर्धन होता है और खेल कौशल में निखार आता है। विद्यालय के प्रबंधक सुनील सिंह व शिक्षक सतीश श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

पुण्यतिथि पर याद किये गए बीरेंद्र बहादुर सिंह

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। 17 नवंबर 2023 को कई विद्यालयों के संस्थापक स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह का 23वा श्रद्धांजलि समारोह मनाया गया जिसमें गरीबों जरूरतमंदों को 500 कंबल वितरण किया गया। पिछड़े हुए क्षेत्र में शिक्षा के प्रति वीरेंद्र बहादुर सिंह का विशेष योगदान रहा। जब क्षेत्र के बच्चो को शिक्षा के लिए काफी दूर जाना परता था और बच्चियों की शिक्षा के दूर आने जाने के साधन न होने कारण शिक्षा से वंचित रह जाती थी वीरेंद्र ने शिक्षा के दिशा में ऐसा ठोस कदम ग्रामीण क्षेत्र उठाया जिससे बच्चियां भी शिक्षा से वंचित न रह जाए। श्रद्धांजलि दिवस पर क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग श्रद्धा सुमन अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी । वीणा पाणी शिक्षा मंदिर इंटर कालेज के अध्यक्ष फतेह बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य रणजीत सिंह प्रबंधक निर्मला सिंह संचालक परीक्षित सिंह बीद प्रधान राजेश सिंह लाखीपुर प्रधान पधारी यादव पूर्व प्रधान हरकेश सिंह शीतला सरोज अवनीश सिंह दादा जनार्दन सिंह बीजेपी जिला संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोस्ट सतीश सिंह वीरेंद्र बहादुर महिला पीजी कॉलेज के प्राचार्य अवधेश मिश्रा शिक्षक गण राकेश उपाध्याय स्वतंत्र सिंह निलांबुज त्रिपाठी राजेश तिवारी सुरेंद्र बहादुर सिंह लाल साहब सिंह राम फकीर सरोज सुरेश चैरसिया हरकेश चैधरी रामराज यादव नूर मोहम्मद राजकुमार पटेल देवी प्रसाद सिंह कुलदीप सिंह रत्नेश पांडेय अभिनंदन यादव रोहित तिवारी ज्ञानेश्वर

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष का कारावास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पांक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म, तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए सोनू गुप्ता निवासी पुरानी पट्टी पृथ्वी गंज थाना पट्टी को दोषी पाते हुए 25 वर्ष के कारावास तथा 75000 रूपया के अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थ दंड की राशि पीड़िता को उसके मानसिक, चिकित्सा अघात एवं उसके पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगी। वादी मुकदमा के अनुसार घटना 20 नवंबर 2021 को उसकी पुत्री उम्र 16 वर्ष विद्यालय गई थी। 3.30 स्कूल की छुट्टी होने पर वह घर लौट रही थी तभी अभियुक्त सोनू गुप्ता अपने साथियों के साथ पीडिता को गाड़ी जबरन बैठाकर घर छोड़ने के बहाने लेकर कहीं चला गया। काफी ढूंढने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला। पीडिता जब वापस अपने घर आई तो उसने बताया कि अभियुक्त सोनू गुप्ता उसे बहला फुसलाकर भाग ले गया था और कई दिनों तक उसके साथ जबरन बलात्कार किया। राज्य की ओर से सात गवाहों को पेश किया गया तथा उनके द्वारा 13 अभिलेखों को साबित कराया गया। राज्य की ओर से परैवी विशेष लोक अभि योजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

अश्लील हरकत का विरोध करने पर दंपति को किया लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शनिवार की सुबह महिला के घर में एक युवक अश्लील हरकत करने लगा। युवती के विरोध करने पर उसे और उसके पति को ईट से मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह लगभग पांच बजे घर में सो रही थी। पड़ोस का एक युवक दरवाजा खोलने को कहा,महिला ने जैसे ही दरवाजा खोला कि युवक अंदर घुसकर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर उसके सिर पर ईट से मारकर लहूलुहान कर दिया।हल्ला सुनकर पति दौड़ा तो युवक ने उसे भी मारा-पीटा। बगल के लोगों के इकट्ठा होते देख वह धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के चिलबिला बाजार के बाद चार पहिया बोलेरो ने बाइक चालक को टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक चालक को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाय और बोलेरो और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

मेडिकल कालेज परिसर में महानाट्य मंचन देखने की हुई समीक्षा

24 जनवरी को काशी में होगा मंचन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान में आयोजित होने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा आयोजन समिति, प्रतापगढ़ के कार्यकताओं की मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ परिसर में आयोजित बैठक में 24 जनवरी को काशी चलने की तैयारी के समीक्षा करने के साथ-साथ आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

इस क्रम में उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अभूतपूर्व

प्रांत प्रचारक रमेश।

जन जागरण हुआ है और एक प्रखर वायुमंडल का निर्माण हुआ है, जिसके आधार पर 24 नवंबर को प्रतापगढ़ जिले से पूरे उत्साह के साथ काशी जाने वाले लोगों की तैयारी पूर्ण हो गई है। जिले के सभी क्षेत्रों से लोग महानाट्य देखने के लिए जाने वाले हैं। विद्यार्थी, युवा, मातृशक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता, चिकित्सक, व्यवसायी, कृषक आदि पूरे उत्साह के साथ अपने गौरवशाली अतीत का जीवंत मंचन देखने के लिए जा रहे हैं। कल 8000 लोगों के जाने की व्यापक योजना बनी है। बैठक का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र, विभाग प्रचारक प्रवेश, आयोजन समिति के संयोजक चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्र,भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा, पूर्णांशु ओझा, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, शिव शंकर सिंह, राजेश सिंह, अनुराग मिश्र,ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, अभय प्रताप सिंह पप्पन सिंह, राजेश मिश्र राजन, भूपेश त्रिपाठी, विवेक उपाध्याय, डॉ रंगनाथ शुक्ल, अशोक मिश्र, डॉ शिवानी मातनहेलिया, सुमन साहू, विनोद शुक्ल, शशि भूषण द्विवेदी, कार्तिकेय द्विवेदी, नितेश प्रताप सिंह, हेमंत मिश्र, रामजी मिश्र, शिशिर खरे, डॉ पीयूषकांत शर्मा, अशोक जायसवाल, राजन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा कई उ0नि0 ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया गया जिनमें उ0नि0 जय प्रकाश सरोज पुलिस लाइन से थाना महेशगंज, उ0नि0 लाल सिंह पुलिस लाइन से थाना महेशगंज, उ0नि0 विष्णु कान्त सिंह पुलिस लाइन से थाना मान्धाता, उ0नि0 किशन सिंह पुलिस लाइन से थाना कोहंडौर, उ0नि0 श्यामधारी यादव पुलिस लाइन से थाना लालगंज, उ0नि0 विन्ध्यवासिनी सिंह पुलिस लाइन से थाना फतनपुर, उ0नि0 श्रवण कुमार पुलिस लाइन से थाना मानिकपुर, उ0नि0 कैलाश सिंह पुलिस लाइन से थाना देल्हूपुर, उ0नि0 अवधेश द्विवेदी पुलिस लाइन से वाचक क्षेत्राधिकारी कुण्डा, उ0नि0 भुवाल सिंह यादव पुलिस लाइन से थाना लालगंज, उ0नि0 अशोक कुमार यादव थाना नवाबगंज से थाना फतनपुर शामिल हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस कुण्डा में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें

छह मामलों का मौके पर किया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 187 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 187 शिकायतों में से 68 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 55, विकास विभाग से 28, शिक्षा से 02, स्वास्थ्य से 02 एवं 32 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियोंध्थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुण्डा भरत राम, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय

हजारों महिलाएं आज बेल्हा देवी घाट पर ढलते सूर्य को देंगी अर्घ्य, आज पूजी गई खरना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बेल्हा देवी घाटों पर हजारों महिलाएं रविवार की शाम सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया की पूजा अर्चना करेंगी। आज शनिवार को बेल्हा देवी में इसकी तैयारियां होती रही। नगर पालिका ने दो दिन में बेल्हा देवी घाटों को साफ-सुथरा कर दिया है। यहां तक कि नाव से नदी में गिरे फूल, माला, चुनरी को भी नदी से निकाला गया।

इसके अलावा कई लोगों ने ढलते सूर्य को अर्घ्य देने के लिये बेदी भी बना रखी है। बता दें कि नहाय खाय के चार दिनों तक चलने वाले सूर्य भगवान की उपासना के तीसरे दिन यानि रविवार की शाम ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। फिर सोमवार को प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। हाथों में पूजा की डलिया को आज से ही सजाया जा रहा है। सूप डलिया में पूजा का सामान सजाकर गीत गाती महिलाएं आज शाम बेल्हा देवी घाट पर पहुंचेंगी। वैसे महापर्व के दूसरे दिन खरना है, इसका छठ पूजा में विशेष महत्व है। आज शनिवार को इसकी विधि विधान से पूजा की गई।

मत्स्य पालन व आंवला उत्पाद पर दिया गया प्रशिक्षण

कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। दिव्य ज्योति सेवा संस्थान द्वारा ग्रामीण परिवेश में रहने वाले बेरोजगार युवक एवं महिलाओ हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्मी कम्पोस्टिंग, मत्स्य पालनध्मछली पालन एवम आंवला से तैयार होने वाले उत्पाद पर प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के संयोजन में किया गया।

प्रशिक्षण मे भाग लते मौजूद प्रशिक्षार्थी।

अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस तरह से तैयार किया गया है कि जिसको प्राप्त कर प्रशिक्षित युवक एवं महिलायें स्वरोजगार स्थापित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकते हैं। मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत पाली जाने वाली मछलियों की प्रजातियॉ, उनका पोषण, मछलियों में होने वाली बीमारियॉ एवं उनके रोकथाम के उपाय, निकालने की विधि एवं उनके विपणन के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। आंवला फल से तैयार होने वाले उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंवला के उत्पाद जैसे आंवला मुरब्बा, अचार, कैंडी, चूर्ण, लड्डू तथा बर्फी तैयार करने की वैज्ञानिक विधि से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ रणजीत सिंह ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया तथा प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का सदुपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अवधेश सिंह, डॉ यतेन्द्र कुमार, डॉ स्वाती दूबे, रविशंकर, जुगुल किशोर आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्यारहवां दीपदान महोत्सव 23 को

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मुरस्सापुर सोनामऊ घाट पर 23 नवम्बर को दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे दोपहर 3 बजे हवन पूजन के बाद गंगातट किनारे दीप दान किया जायेगा तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी ग्राम प्रधान संगीता सुरेश यादव ने दी। दीपदान के संयोजक पूर्व ग्राम प्रधान जीवन लाल यादव व वीरेंद्र यादव है।कार्यक्रम मे जनसत्तादल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया व बाबागंज विधायक विनोद सरोज के आने की संभावना बनी हुई है।

लखीपुर में कांग्रेस पार्टी ने भरा दलित अधिकार मांग पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दलित संवाद कार्यक्रम लखीपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में दलित बस्ती में दलित अधिकार मांग पत्र भरा गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस दलित को आगे बढ़ने का काम करेगी। कांग्रेस पार्टी दलित समाज के लिए दलित के हित के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलने का काम

लखीपुर में दलित संवाद कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसीगण।

कांग्रेस पार्टी ने किया है। सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि दलित को आगे बढ़ने का काम कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है कांग्रेस ने दलित को पूरा सम्मान देने का काम किया है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी सेवादल उपाध्यक्ष रामरतन तिवारी कांग्रेस नेता अवध राज यादव गोलू सोनिया राजेश देवी इस राजी देवी हरि हरि मोतीलाल शैलेंद्र कुमार प्रमिला हरिकेश उर्मिला पुदीना देवी कलावती शैल कुमारी राजकली जयावती आदि लोगों उपस्थित रहे।

मीरा भवन वार्ड में पकडे.गये दस छुट्टा पशु

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। छुट्टा पशु/आंवारा पशुओं की नगर पालिका धरपकड़ कर रही है, फिर भी हर सड़कों और चैराहों पर छुट्टा आंवारा पशु घूमते दिखाई पड़ रहे हैं। शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारी मीरा भवन वार्ड में पानी टंकी के पास से दस छुट्टा आंवारा पशुओं को धर दबोचा। बाद में तीन लोग पहुंचे और अपनी-अपनी गायों का पांच सौ रुपये की दर से जुमार्ना भरकर छुड़ा लिया। शेष सात पशु गोशाला भेज दिये गये। बता दें कि इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा दिये गये निर्देश व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील द्वारा बनाई गई कार्य योजना के चलते छुट्टा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छुट्टा पशुओं की धरपकड़ आगे भी जारी रहेगी।

छुट्टा पशुओं को गाड़ी पर लादते नगर पालिका कर्मी।

तीन ने जुमार्ना भरकर अपनी गायों को छुड़ाया

गजब ! 53 शिकायती पत्र में 4 का हुआ निस्तारण

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता मीना देवी

निवासिनी ग्राम-डिहवा ने प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि विपक्षीगणों द्वारा अवैध रूप से मकान कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता श्री राम लौटन ने प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि उनको पट्टा दिया गया था, किन्तु अभी तक कब्जा नही दिलया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में तहसील मंझनपुर में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया एवं तहसील सिराथू में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र एवं उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सगाई के बाद लड़के ने शादी करने से किया इनकार

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव की सुनीता देवी पत्नी स्वर्गीय फूलचंद ने अपनी बेटी की सगाई 8 नवंबर 2023 को सराय अकिल थाना क्षेत्र के जवाहरगंज निवासी कुलदीप दिवाकर पुत्र बचाऊ दिवाकर के साथ धूमधाम से की थी प्रयागराज के झलवा के गेस्ट हाउस में सगाई का कार्यक्रम धूमधाम से हुआ जहां कुलदीप को सोने की अंगूठी रिश्तेदारों को कपड़ा अन्य सामान 3 लाख रुपए नगद सहित 7 लाख रुपए सगाई कार्यक्रम में लड़की की मां द्वारा खर्च किया गया था लेकिन सगाई होने के एक सप्ताह बाद लड़के पक्ष की डिमांड बढ़ गई और उन्होंने कहा कि 8 लाख रुपए नगद वा 4 पहिया डिजायर कार देने के बाद ही शादी होगी लड़के के पिता ने कहा कि यदि डिमांड नहीं पूरी हुई तो शादी नहीं होगी सुनीता ने बताया कि उसकी बेटी का होने वाला पति पुलिस विभाग में नौकरी करता है और लड़के के पिता का कहना है कि उसने 30 लाख खर्च करके अपने बेटे को पुलिस में भर्ती कराया है शादी में पैसा तो देना ही पड़ेगा वरना हम शादी नहीं करेंगे जिससे पीड़ित सुनीता देवी ने पुलिस अधीक्षक से फरियाद करते हुए दहेज के लिए शादी न करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है

सहायक अध्यापिका के आतंक से पीड़ित ग्राम प्रधान ने समाधान दिवस में किया फरियाद

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के रैया देह माफी गांव के कम्पोजिट विद्यालय की सहायक अध्यापिका के आतंक अत्याचार से ग्राम प्रधान पीड़ित है अध्यापिका स्कूल में शिक्षण कार्य से बिरत रहती हैं आए दिन बिना छुट्टी के गायब हो जाती है जिससे विद्यालय का पठन-पाठन बाधित हो रहा है मिड डे मील भोजन में भी तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से की जिससे सहायक अध्यापिका ग्राम प्रधान से रंजिश रखती है और ग्राम प्रधान पर तरह-तरह के निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं सहायक अध्यापिका के आतंक अत्याचार से पीड़ित ग्राम प्रधान ने संपूर्ण समाधान दिवस चायल में पहुंचकर जिलाधिकारी से फरियाद करते हुए सहायक अध्यापिका की करतूत बताई विद्यालय के प्रधानाध्यापक और कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी कुछ दिन पहले जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हुए हैं और उन्होंने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है जिस पर जिलाधिकारी ने 14 नवम्बर को तीन सदस्यीय टीम गठित कर 7 दिवस के अंदर जाच प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

पत्नी से मारपीट से क्षुब्ध अर्जुन ने साथियों के साथ मिलकर की थी भोंदू की हत्या

हत्या के आरोप में 24 घंटे के भीतर करारी पुलिस ने किया तीन गिरफ्तार तीन फरार

कौशाम्बी। जिले में करारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात हुई अधेड़ की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है,पत्नी से मारपीट से क्षुब्ध युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था, पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही एक युवक और उसके दो साथियों को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन लोग अभी भी फरार हैं,पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बड़ी पवैया गांव में शुक्रवार की रात भोंदू सरोज की लाठी डंडे और कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी,भोंदू सरोज की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और जांच में जुटी हुई थी।परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अर्जुन को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो अर्जुन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया पुलिस को अर्जुन ने बताया कि उसकी पत्नी को कुछ दिनों पूर्व भोंदू ने मारा पीटा था जिसमे उसकी पत्नी को चोट आ गई थी,जिससे आक्रोशित होकर उसने अपने साथियों टुइया,रामबाबू ,मूलचंद्र,फूलचंद्र और नरेश के साथ मिल कर हत्या की थी। अर्जुन की निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल कुल्हाड़ी और लाठी बरामद कर लिया और अर्जुन,रामबाबू और टुईया को गिरफ्तार कर लिया जबकि फूलचंद्र और मूलचंद्र और नरेश अभी फरार है।जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

18 घण्टे की सीसीटीवी फुटेज मौत से उठा सकती है पर्दा

अग्निकांड से शिव प्रसाद उर्फ सीओ मिश्र की मौत के मामले मे सब कुछ स्पष्ट

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के मोंगरी कड़ा निवासी शिवप्रसाद उर्फ सीओ मिश्रा की मंझनपुर मुख्यालय में शुक्रवार को अग्निकांड से दर्दनाक मौत हो गई है इस भयंकर आग में कई वाहन और घर का अन्य सामान भी जलकर खाक हो सीओ मिश्रा की मौत के बाद मौके पर तमाम अहम सवाल छूट गए हैं मौके की परिस्थितिया किसी हादसे से इनकार कर रही है मकान में भयंकर अग्निकांड के बाद मौके पर छूटे तमाम अहम साक्ष्य सीओ मिश्रा की मौत से संबंधित तरह-तरह की गवाही दे रहे हैं घटना को 30 घंटे से अधिक बीत चुके हैं लेकिन सीओ मिश्रा की मौत के मामले में पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है घटना से 18 घंटे पहले के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराए जाने की जरूरत है उनके घर समेत आसपास कई घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं घटना के 18 घंटे पूर्व सीसीटीवी फुटेज से तमाम अहम जानकारियां पुलिस को मिल सकती हैं भयंकर अग्निकांड के बाद तख्त पर लेटे लेटे सीओ मिश्रा की मौत लोगों को हजम नहीं हो रही है आग लगने के बाद तड़पना चिल्लाना और भागना मानव स्वभाव है मौके की परिस्थितियों बताती हैं कि सीओ मिश्रा ने आग लगने के बाद ऐसा कुछ नहीं किया है जिस तखत पर वह लेटे थे वह जल गई है और तख्त के नीचे वह गिर गए हैं जिस कमरे में सीओ मिश्रा की मौत हुई है बताया जाता है कि उस कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद था घटना के वक्त मौके से किराएदार का चले जाना मकान में फर्निशिंग के काम के लगे मिस्त्री मजदूर का ना उस दिन ना पहुंचना यह एक संयोग था या फिर किराएदारों के जाने के बाद मिस्त्री मजदूर के न पहुंचने के बाद घटना होने के मामले पर तमाम तरह के सवाल उत्पन्न हो रहे हैं जिसकी सूक्ष्म तरीके से जांच कराए जाने की जरूरत है सीओ मिश्रा की मौत के 18 घंटे पहले के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जाए तो मौत के पहले उस घर में किसका आना जाना था उस रात को कौन-कौन घर आया है पुलिस की जांच की दिशा में यह सहायक हो सकता है लेकिन घटना को 30 घंटे बीत जाने के बाद थाना पुलिस ने इस गंभीर बिंदु पर जांच की दिशा आगे नहीं बढ़ाई है परिवार के लोग भी घटना की सच्चाई जानने को बेताब है।

पिछड़ा वर्ग में शामिल हो केसरवानी वैश्य समाज : तीरथ राज

पिछले दो वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में वार्ता हुई थी लेकिन अभी तक केशरवानी समाज को आरक्षण प्राप्त नहीं हुआ

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश केशरवानी वैश्य सभा की बैठक कौशाम्बी जिले के मंझनपुर कस्बे में आनंद केशरवानी अन्नू कपड़ा वाले के यहां प्रदेश अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता गोल बाबू की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई इसके साथ जिले के अन्य कस्बों में भी समाज की बैठक संपन्न हुई उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष तीर्थराज गुप्ता गोल बाबू ने कहा कि केसरवानी समाज आर्थिक, शिक्षा एवं राजनीति में काफी पिछड़ा हुआ है जहां केसरवानी समाज के लोग चाय चाट एवं फेरी आदि का व्यापार फुटपाथ पर करते हैं वहीं राजनैतिक रूप से उत्तर प्रदेश में अब तक सिर्फ एक विधायक बिहार में तीन से चार विधायक ही हुए हैं और केसरवानी समाज के लोग सरकारी नौकरी में भी नाम मात्र के हैं ऐसे में केसरवानी समाज आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर है इसलिए केसरवानी समाज को उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग का आरक्षण होना अति आवश्यक है जिससे केसरवानी समाज का विकास हो सके। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 1991 से लगातार केशरवानी समाज पिछड़ा वर्ग में शामिल होने की मांग कर रहा है इस संबंध में कई बार आयोग में और कई मंत्रियों से वार्ता भी हुई और पिछले दो वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में वार्ता हुई थी लेकिन अभी तक केशरवानी समाज को आरक्षण प्राप्त नहीं हुआ उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष तीर्थराज गुप्ता के आवाहन पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश के हर जिले मे आगामी 20 नवंबर दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। आगामी 20 नंबर को होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर चायल मनौरी मूरतगंज भरवारी मंझनपुर में केशरवानी समाज के लोगों के साथ प्रदेश अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता ने बैठक की है इस मौके पर प्रदेश मंत्री अशोक केसरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम केसरवानी नगर अध्यक्ष आनंद कुमार अन्नू राष्ट्रीय सहसंयोजक सुशील केसरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

डीएपी उर्वरक के लिए मची मारामारी

बीते दो दशक से सहकारी समितियां से लेकर निजी दुकानों में लूट जा रहा है किसान, सहकारी समिति पश्चिम शरीरा में किसानों की भीड के अक्रोश से सेल्स मैन ने वितरण बंद कर दिया

कौशाम्बी किसानों को जिस समय डीएपी खाद की जरूरत पड़ती है उस समय सहकारी समितियां से लेकर खुले बाजार में डीएपी खाद की मारामारी हो जाती है कालाबाजारी की खाद खरीदने के लिए किसान मजबूर हैं बीते दो दशक से कृषि विभाग के अधिकारी डीएपी खाद की कालाबाजारी पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं विभाग का एक बाबू कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों से वसूली में मशगूल है जिससे ऊंचे दाम पर डीएपी खाद खरीदने के लिए किसान मजबूर है यह प्रत्येक वर्ष का रूटीन वर्क बन गया है कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती उन पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया जाता है उनकी गोदाम सीज कर माल जब्त नहीं किया जाता उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है जिससे कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों का हौसला बुलंद है और देखते-देखते फटीचर से दिखने वाले उर्वरक व्यापारी करोड़ों में खेलने लगे हैं। गेहूं और आलू की बुवाई के समय डीएपी खाद की कालाबाजारी का यह खेल दो दशक पूर्व शुरू हुआ है जो बंद होने का नाम नहीं ले रहा है निजी दुकानों के साथ-साथ सहकारी समितियां में भी जमकर कालाबाजारी होती है पूरे जिले के सहकारी समितियां में डीएपी उर्वरक के लिए इन दिनों मारामारी मची है सुबह से काम छोड़कर के किसान उर्वरक के लिए लाइन में खड़े हो जाते हैं लेकिन नंबर आते-आते उनका उर्वरक खत्म हो जाती है फिर दूसरे दिन बुलाया जाता है शनिवार को सहकारी समिति पश्चिम शरीरा मे डीएपी खाद के लिए मारामारी मची देखी गयी है भीड के अक्रोश से सेल्स मैन ने वितरण बंद कर दिया जिससे मजबूर होकर किसानों को वापस लौटना पड़ा है सवाल उठता है कि दो दशक से उर्वरक की कालाबाजारी में मशहूर कौशांबी की धरती पर कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों पर आखिर कब अधिकारी कार्रवाई करेंगे या केवल कृषि विभाग के अधिकारियों के सहारे आला अधिकारी उर्वरक की आपूर्ति की जिम्मेदारी का ढिढोरा पीटते रहेंगे

न्यूज झरोखा

अभाविप काशी प्रांत ने धूमधाम से मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

कौशाम्बी। अभाविप काशी प्रांत कौशाम्बी राष्ट्रीय कला मंच कौशांबी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़ी धूमधाम से पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से मनाया गया अभाविप काशी प्रांत कौशाम्बी अजुहा नगर राष्ट्रीय कला मंच द्वारा दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज अजुहा कौशांबी में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा बिरसा मुंडा अर्थात धरती बाबा पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का किया गया प्रधानाचार्य ने बिरसा मुंडा जन्म दिवस के अवसर पर बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को उलिहातु गांव लोहरदगा जिला झारखंड के खूंटी जिले में हुआ इनके वंशज उसी गांव में रहते है इस गांव का जिक्र इतिहास के पन्नो में सुनहरे अक्षरों से दर्ज है। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान रोशनी अग्रहरी दूसरा स्थान बबली देवी , वैष्णवी देवी एवम् तीसरा स्थान संजना देवी ने प्राप्त किया इसी प्रकार जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान वर्षा मौर्य ने दूसरा स्थान अंश केशरवानी ने एवम् तीसरा स्थान नैतिक कुमार ,अंकित साहू ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम में रामानंद सुंदरलाल शेर बहादुर सिंह यादव राम प्रसाद देवेश कुमार अभिषेक दीपक सिंह सोनिका पूजा नीलम सोनम अभाविप राष्ट्रीय कला मंच कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे उक्त जानकारी रिचा पांडेय अभाविप काशी प्रांत कौशाम्बी ने दी है।

जन शिक्षण संस्थान ने बिरसा मुंडा की मनाई जयंती

कौशाम्बी। जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस पर प्रशिक्षण केंद्र भरवारी में दिनांक 18 नवंबर को बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा माल्यार्पण किया गया संस्थान के निदेशक ने बिरसा मुंडा का जन्म कब और कहां हुआ था तथा उनके जीवन परिचय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा यह भी बताया कि वह एक लोकनायक तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर सन 1875 में झारखंड राज्य में खूंटी जिले के ऊलीहातु गांव में हुआ था और बिरसा मुंडा बहुत ही शक्तिशाली और वीर पुरुष थे इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा रूबी देवी आरती निष्ठा केसरवानी नाजिज बानो कोमल राज तनु अवंतिका केशरवानी आदि प्रतिभागी रहे

इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लाखों की हुई चोरी

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के गुलामीपुर प्रयागराज कानपुर हाइवे पर रामबाबू सोनकर पुत्र मूलचंद्र सोनकर ने दो दुकान खोल रखी है बीती रात दोनों दुकान का सटर टेडा कर के एलाइट इलेक्ट्रोनिक सेंटर दुकान गुलामीपुर मे दुकान में रखा लाखो का सामन पंखा बैटरी पैनल इन्वाइटर तार केबल आदि समान पार कर दिया है लगभग तीन लाख का सामान चोर उठा ले गए है पीड़ित रामबाबू ने सैनी पहुंचकर सैनी कोतवाली को सूचना दिया है मौके पर सैनी पुलिस व विधि विभाग प्रयोगशाला वन पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

मृतक की विधवा को बैंक ने दिया बीमा का लाभ

कोखराज कौशांबी। बड़ौदा पूर्वी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कशिया के खाताधारक घनश्याम सिंह की मौत हो गई थी उनके मौत के बाद में शाखा प्रबंधक सन्दीप कुमार मौर्य द्वारा मृतक घनश्याम सिंह का पीएम जेजेबीवाई योजना के अंतर्गत दावा निस्तारण करते हुए मृतक की पत्नी श्रीमती अनीता देवी को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया है बीमा योजना की रकम मिलने के बाद परिजन प्रसन्न है

झोपड़ी में लगी आग 55 हजार नगद जलकर खाक

कौशांबी चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसुहार की सोनिया देवी पत्नी फूलचंद ने अपनी भैंस को बेचकर के 55 हजार रुपए की रकम प्राप्त की थी सोनिया के पास झोपड़ी नुमा घासपूस का घर है 12 नवंबर को रात 9:00 बजे लगभग उसके झोपड़ी नुमा घासपूस के घर में अचानक आग लग गई आग लग जाने से घास फूस का छप्पर जलकर खाक हो गया झोपड़ी में रखी गृहस्थी भी जलकर खाक हो गई और उसमें रखा 55 हजार रुपए नगद की रकम भी जलकर खाक हो गई है मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर राजस्व लेखपाल पहुंचे और जांच पड़ताल कर अधिकारियों को रिपोर्ट सौपी है पीड़ित महिला सोनिया देवी ने 17 नवम्बर को जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आपदा राहत की धनराशि दिलाए जाने की मांग की है

न्यायिक कार्य से बिरत रहे अधिवक्ता

कौशाम्बी एडवोकेट अंकित मिश्रा के पिता शिव प्रसाद मिश्रा उर्फ सीओ मिश्रा निवासी मोगरी कड़ा की मंझनपुर में शुक्रवार को आग की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु के कारण जनपद न्यायालय के अधिवक्ताओ ने शोक व्यक्त किया है और मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी है शोक सभा के पश्चात न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित कर अधिवक्ताओं ने न्यायालय में प्रेषित किया।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

कोखराज कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर गांव का शंभू उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र दूजे शनिवार की शाम को तालाब की ओर शौच क्रिया के लिए गया था अचानक उसका पैर तालाब में फिसल गया जिससे वह तालाब में डूब गया है और उसकी मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

नशे में धुत दबंगों ने रास्ते में रोककर युवक को जमकर पीटा

कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मातपुर गांव निवासी अंशु पासी को गांव का दबंग युवक और उसके साथियों ने रास्ते में रोककर बेल्ट से पीटकर गंभीर घायल कर दिए हैं। दबंगों की पिटाई से गंभीर घायल युवक पूरामुफ्ती थाना पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र दिया और कड़ी कार्यवाही की मांग की। पीड़ित युवक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि घर जाते समय शाम लगभग 6 बजे गांव के बाहर एक स्थान पर गांव का दबंग किस्म का युवक करन और उसके साथी शराब पी रहे थे उसी समय अंशु रास्ते से गुजर रहा था तभी करन और उसके साथियों ने अंशु को रोककर गाली - गलौज करने लगे विरोध करने पर करन और उसके साथियों ने बेल्ट से अंशु को जमकर पीटे जिससे अंशु गंभीर घायल हो गया है।

जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन

कौशाम्बी। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्लाइफोसेट ग्लाइसेल का न्यायोचित एवं सुरक्षात्मक प्रयोग विषयक जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किसान कल्याण केंद्र, मंझनपुर मे किया गया।जिसमे पेस्ट कंट्रोल आपरेटर एग्री जंक्शन, रिटेलर्स, कृषि रक्षा रसायन केंद्र प्रभारियो ने प्रतिभाग किया।उक्त अवसर पर केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डा.मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा,कि ग्लाइफोसेट का निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग वातावरण, मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।इसी को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद एवं आई सी ए आर, नई दिल्ली के निर्देश के क्रम मे जिला कृषि अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी के संरक्षण मे यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर इन्द्रजीत यादव, फसल सुरक्षा अधिकारी ,कौशांबी ने पेस्ट कंट्रोल आपरेटरो को कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिको द्वारा ग्लाइफोसेट के बारे मे दिए गए दिशा निदेशी का आप कड़ाई से पालन करे तथा अन्य को भी जागरूक अवश्य करे।अंत मे अनुज मौर्य, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागियो एवं वैज्ञानिको का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया।

लक्ष्मीबाई देश की वो नायिका हैं जो वीरता की श्रेणी में सबसे ऊपर हैं

रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरित हो साहसी बनने का छात्र छात्राओं ने लिया संकल्प

कौशाम्बी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले के सिराथू तहसील स्थित धनपति देवी श्याम नारायण इंटर कालेज द्वारा 19 नवंबर को महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती को स्त्री सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया। जिसके पूर्व संध्या पर छात्राओं को शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संकल्पित करने एवं समाज में व्याप्त विकृतियों के समूल समाधान हेतु संगोष्ठी का आयोजन कर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि संतोष शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 19 नवंबर का दिन भारतीयों के लिए बहुत खास दिवस है। उस दिन देश की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी जिसका नाम लेकर आज भी महिलाओं और बच्चियों में जोश भरा जाता है, उनका जन्म हुआ था। वह वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई थी रानी लक्ष्मीबाई देश की वो नायिका हैं जो वीरता की श्रेणी में सबसे ऊपर हैं और जब भी वीरता की बात चलती है सबसे पहले उनका जिक्र आता है। स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली लक्ष्मीबाई बचपन से ही त्याग करती रहीं जिसके बाद वह फौलाद बन गई थीं। जिसकी वजह से बड़े से बड़ा निर्णय वह झट से ले लेती थीं। बनारस के करीब एक छोटे से गांव में पैदा हुई मणिकर्णिका मनु बचपन से ही तेज तर्रार थीं। मां को चार साल की उम्र में ही खो चुकी मनु का लालन-पालन देश के योद्धा की तरह किया गया था। 18 साल की आयु में उनकी शादी कर दी गई। वह जल्द ही झांसी के शासक के रूप में उभरीं। उनके तेजतर्रार,हार न मानने वाली छवि के कारण उन्हें लक्ष्मीबाई कहा जाने लगा।जिला संयोजक शिवबाबू चौधरी ने कहा की ब्रिटिश आर्मी के सीनियर अधिकारी कैप्टन ह्यूरोज ने रानी लक्ष्मी के साहस को देखकर उन्हें सुंदर और चतुर महिला कहा था। अंग्रेजों से युद्ध के दौरान रानी ने भी अपने घोड़े सहित किले से छलांग लगाई थी। जब वह मैदान में लड़ाई लड़ रहीं थी तब वह देश में एक ऐसा इतिहास रच रही थीं जिसे आज भी गाते हुए रोंगटे खड़े हो जाते हैं। खून खौल उठता है और सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। जिस दौड़ में महिलाएं पारंगत तो युद्ध की हर कला के लिए की जाती थीं लेकिन उन्हें सिर्फ महल की शोभा बना कर रखा जाता था इस दौड़ में रानी लक्ष्मी बाई ने महिला सशक्तिकरण की इबारत लिख दी थी। पूर्व प्रांत सहमंत्री रिचा पांडेय ने कहा की महारानी लक्ष्मीबाई न केवल कुशल नेतृत्व करता थीं वहीं वह कूटनीति में भी माहिर थीं। उनके निर्णय को पूरा झांसी मानने लगा था यही वजह थी कमजोर पड़ते झांसी के नेतृत्व के बीच उन्हें अपना सेनापति घोषित किया। इतिहासकार बताते हैं कि सैनिक झांसी के किले पर लक्ष्मीबाई के जयकारे लगाने लगे तो रानी ने उनका नेतृत्व करना स्वीकार किया और उसके बाद वह तब तक शांत नहीं बैठीं जब तक वह खुद शांत नहीं हो गईं। इतिहासकार बताते हैं कि रानी चाहती थीं कि अंग्रेजों से युद्ध न करना पड़े, ताकि झांसी की बेगुनाह जनता को इस लड़ाई की कीमत न चुकानी पड़े। रानी आखिरी दम तक राज्य को किसी भी तरह की त्रासदी से बचाना चाहती थीं। लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए उनसे किसी भी तरह के समझौते से इनकार किया और झांसी को वापस लेने की कसम खा ली। उन्हें कई बार देशद्रोहियों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे डिगी नहीं और उन्हें टक्कर दी और हराया भी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि अतिथि विजेंद्र सिंह और कॉलेज के प्रधानाचार्य और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिसिया संरक्षण में लकड़कट्टे चट कर रहे हैं हरियाली

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र स्थित गंगा के तराई क्षेत्र को वन अनाक्षदित माना जाता है इन दिनों क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफिया और पुलिस की मिली भगत से क्षेत्र में भारी संख्या में हरे फलदार पेड़ों को काटा जा रहा है। मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को भी दी जाती है, लेकिन विभाग की यह खामोशी विभागीय अधिकारियों को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं। मामला कोखाराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर पुलिस चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है जहां बेल, आम तौर नीम के फलदार हरे पेड़ों को बिना किसी सरकारी आदेश के ढ़हा दिया गया है। लेकिन स्थानीय चौकी के इंचार्ज थानेदार और सिपाहियों की मिली भगत जिले के पर्यावरण पर भारी पड़ रही है चचाओं पर जाएं तो अब तक सैकड़ो से ज्यादा पेड़ इन लकड़ी माफियाओं के शिकार हो चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के चौकी टेढ़ीमोड शहजादपुर में बिना परमिशन के हरे पेड़ों की

कटाई बरोक-टोक जारी है। स्थिति यह है कि क्षेत्र का चर्चित लकड़ी माफिया फारूक भाई अब तक सैंकड़ों पेड़ों को काट चुका है। ताजा मामला ग्राम सभा तरसौरा मजरा बाबू का पुरवा का विकास खण्ड कड़ा का है जहां बिना किसी सरकारी आदेश के चौकी के सिपाही सोनू यादव, विमल चौकी इंचार्ज परमेश यादव की मौजूदगी में आधा दर्जन पेड़ों को धराशाई कर दिया गया जिसमें नीम व बेल के पौधे थे जिन्हें प्रतिबंधित पौध भी कहा जाता है। ऐसा नहीं है कि इस पूरे मामले से प्रभागीय बना अधिकारी पूरी तरह से अनजान है जिले में इन दिनों लकड़ी माफियाओं के द्वारा प्रतिदिन हजारों की संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है लेकिन इसमें विभाग के सहायक प्रभागीय बना अधिकारी के द्वारा शिकायतकताओं के साथ ही अभद्र व्यवहार तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी दिए जाने का आरोप लगता है। जब प्रदूषण के नाम पर केंद्र की सरकार तथा सर्वोच्च न्यायालय लगातार किसानों को पराली जलाने पर भी रोक लगाता आ रहा है जिससे किसानों को भारी परेशानी होती है वहीं दूसरी ओर जिले के जिम्मेदार अधिकारी जिन्हें इस हरियाली के संरक्षण के लिए मोटी रकम वेतन के रूप में दी जाती है वह भ्रष्टाचार के चलते इस हरियाली को खा रहे हैं यदि जिले में पेड़ों की कटान की उपग्रह से जांच कर ली जाए तो बीते 6 माह में लाखों की संख्या में पेड़ कट गए हैं।

संपादक की कलम से

देश की लोकतांत्रिक आस्था और उसका परिमार्जित मूल्यांकन

आजादी के 75 वे वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमें स्वतंत्रता अनथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है। वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ–साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ–साथ शांति और सौहार्द का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी–बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और न ही भरपूर वितीय संसाधनों का सही–सही समुचित दोहन ही हो पाया। वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाय। संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारतीय विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया। हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ–साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा। केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है। गरीबों को अनाज देने के साथ–साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है। हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा। यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है। भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है। जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है। इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है। जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते है। 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस है। हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है। भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है। संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है। सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है। आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है। भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है। हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है। महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है। पर यह शत–प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है। इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया। भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

दुनिया स्तंभित हो रही है भारत की आर्थिक तरक्की से

-ललित गर्ग-

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता को संबोधित करते हुए सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वॉकल फोर लॉकल का आह्वान आर्थिक विकास आधार बन रहा है। स्व-भाव एवं स्वदेशी के मंत्र ने आर्थिक विकास को पंख लगाये हैं जिससे अर्थ की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। भारत की आर्थिक तरक्की दुनिया को स्तंभित करने लगी है, क्योंकि भारत का घरेलू बाजार ही इतना विशाल है कि भारत को विदेशी व्यापार पर बहुत अधिक निर्भरता नहीं करनी पड़ रही है। भारत के बाजार से कई देशों का आर्थिक विकास होता रहा है, अब स्वदेश जागरण से देश का अर्थ देश में ही रहने लगा है।

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि केवल 7 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर को पार कर जाएगा। भारत की ह्यनीली अर्थव्यवस्थाह्न का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान है, जो अवसरों के सागर का प्रतिनिधित्व करता है। तट के किनारे नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों और नौगम्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत महासागर आधारित व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खड़ा है।

भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री की नित-नयी आर्थिक योजनाओं, अपनी जड़ों एवं माटी से जुड़ने, स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा एवं विदेश यात्राओं का भी योगदान है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर (आईएमईसी) सबसे आशाजनक कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है। 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित, आईएमईसी एक मल्टीमॉडल आर्थिक गलियारा है जिसमें शिपिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली केबल, हाई-स्पीड डेटा केबल और एक हाइड्रोजन पाइपलाइन शामिल है। गलियारे का उद्देश्य परिवहन दक्षता को बढ़ाना, रसद लागत को कम करना, आर्थिक एकता को बढ़ावा देना, रोजगार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके एक स्वच्छ, सुरक्षित दुनिया में योगदान देना है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, बड़ी आबादी को आर्थिक विकास का माध्यम बनाने में सरकार की सूझबूझ एवं योजनाएं कारगर साबित हो रही है। बड़ी आबादी के अनेक तरह के नुकसान हैं तो इसी से भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन बन रहा है बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy)

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने के पीछे भारत के विशाल आंतरिक बाजार, स्व-भाव एवं स्वदेशी का दर्शन को मुख्य कारण है। आम जनता में स्व का भाव जगा कर, उनमें राष्ट्र प्रेम एवं स्व-संस्कृति की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छा शक्ति नागरिकों में जागृत होती है और देश के आर्थिक विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में, अपनी स्थापना के बाद से, भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, शीघ्र ही भारत विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान हैं दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है। भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने को सकारात्मक रूप देने की अपेक्षा है, जिसमें गरीबी एवं भूखमरी का कलंक मिटना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव तक की आर्थिक यात्रा का लक्ष्य अब प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना को हासिल करने का हो, देश में मानवीय मूल्यों, शांति एवं अहिंसक सिद्धांतों और आर्थिक समानता पर ध्यान देना होगा। भारत ने इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखाई है। इसी से गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे नागरिकों को कल का मध्यम वर्ग बनाएगी, इससे देश में विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा तथा देश की आर्थिक उन्नति की गति भी तेज होगी। यह भारतीय सनातन संस्कारों के चलते ही सम्भव हो पाया है।

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सनातन संस्कारों का पालन करते हुए गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है और गरीब देश होने से दंश से तेजी से उबरने लगे हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक एवं प्रेरणा है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। भारत की आर्थिक सोच, नीतियां एवं योजनाएं अब दुनिया के लिये अनुकरणीय बन रही है। दुनिया भारत की ओर संभावनाओं एवं आशाओं की नजर से देखने लगी है, यह बड़ा एवं सकारात्मक परिवर्तन न केवल आर्थिक महाशक्ति बल्कि विश्व का नेतृत्व करने की क्षमताओं का संकेत दे रहा है, जो सुखद है। प्रेषकः

भारत-अमेरिका की यारी, दुनियां पर भारी

वैश्विक स्तरपर भारत और अमेरिका की यारी से दुनियां बहुत भौचकी होकर कह रही है, जहां दो यार मिल जाए वही सफलताओं की बरसात निश्चित है, और हो भी क्यों ना, क्योंकि आसमान से धरती तक और सुई से हवाई जहाज तक हर क्षेत्र की प्रौद्योगिकी में भारत औरअमेरिका एक दूसरे का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से साथ दे रहा है जो दोनों देशों के समकक्ष उच्च नेतृत्व की उच्च प्रगाढ़यता का परिणाम है जो एक और एक ग्यारह वाले मुहावरे का संजीदिगी से काम कर रहे हैं। दोनों देशों का साथ–साथ और तालमेल इसी बात पर इसी तरह बना रहा तो सफलताओं की बुलंदियां दोनों देशों के कदमों में होगी। परंतु बहुत हद तक दोनों देशों में होने वाले 2024 के आम चुनाव के बाद नेतृत्व पर भी कुछ निर्भर करता है, चूंकि भारतीय वाणिज्य मंत्री 13–16 नवंबर 2023 को अपने अमेरिका यात्रा के सफल परिणाम लाए हैं, इसीलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका के गतिशील स्टार्टअप तंत्र और उभरती प्रौद्योगिकियों को जोड़ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर से दूरगामी बुलंद परिणाम निश्चित है।

साथियों बात अगर हम भारतीय वाणिज्य मंत्री के 13–16 नवंबर 2023 के अमेरिका दौरे की करें तो,सोमवार को वह सैनफ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन (एपीईसी) की बैठक में हिस्सा लिया। सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की कॉमर्स सेक्रेटरी (वाणिज्य मंत्री) जीना रेमंडो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक में भारत और अमेरिका के बीच व्यापारबाधाओं को पहचानने, उन्हें दूर करने, निवेश बढ़ाने और तकनीक और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोगबढ़ाने पर बात हुई। दोनों नेताओं की बैठक में स्टार्टअप सिस्टम को बढ़ावा देने और इमर्जिंग तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई। वाणिज्य मंत्री विभिन्न कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात की। साथ ही वह छात्रों, भारतीय मूल के लोगों और एंटरप्रेन्योर से भी मिले।सिलिकॉन वैली और अमेरिकी कंपनियों को भारतमें इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और फिनटेक आदि के क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर के वाणिज्य मंत्री से भी मुलाकात की। क्या है आईपीईएफ?बता दें कि भारतीय वाणिज्य मंत्री इंडो पैसिफिक इकॉनोमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रोसपेरिटी (आईपीईएफ) की बैठक में शामिल होने अमेरिका गए थे। आईपीईएफ का गठन अमेरिका ने साल 2022 में किया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं। आईपीईएफ का गठन सदस्य देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने, विकास को गति देने और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के उद्देश्य से हुआ था। आईपीईएफ में व्यापार, सप्लाई चेन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर फोकस किया जाता है।

साथियों बात हम डिकोडिंग द इनोवेशन हैंड शेक की करें तो, भारत–अमेरिका वाणिज्यिक संवाद संरचना के तहत एक नवोन्?मेषी समझौते के माध्?यम से इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए भारत और अमेरिका के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 14 नवंबर 2023 को सैन फ्रांसिस्को में हस्ताक्षर किए गए। जून 2023 में प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान नेताओं के संयुक्त वक्तव्य में इनोवेशन हैंडशेक स्?थापित करने की घोषणा की गई थी।डिकोडिंग द इनोवेशन हैंडशेक : अमेरिकाझ्रभारत उद्यमिता साझेदारी विषय पर सैन फ्रांसिस्को में आयोजित किक–ऑफ इंडस्ट्री राउंडटेबल में समझौता ज्ञापन पर हस्?ताक्षर किए गए। यू.एस.–इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा सह–आयोजित और नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) और स्टार्टअप इंडिया द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम में प्रमुख आईसीटी कंपनियों के सीईओ, उद्यम पूंजी फर्मों के अधिकारियों और महत्वपूर्ण तथा उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप के संस्थापकों ने इस विषय पर विचार–विमर्श किया कि अमेरिका–भारत प्रौद्योगिकी सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जाए। भारत और अमरीका ने गतिशील स्टार्ट–अप तंत्र और विशेष रूप से महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को जोड़ने के आशय–पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। नवाचार–तंत्र को आपसी सहयोग के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए अमरीका की चार दिनों की यात्रा पर गए भारत के वाणिज्य मंत्री ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दोनों पक्षों के गतिशील स्टार्टअप इकोसिस्?टम को कनेक्?ट करने, सहयोग के लिए विशिष्ट नियामक बाधाओं को दूर करने, स्टार्टअप वित्?त पोषण के लिए जानकारी और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा विशेष रूप से, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों (सीईटी) में नवोन्?मेषण और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है, जैसीकि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के लिए भारत–अमेरिका पहल (आईसीईटी) के तहत पहचान की गई है।यह समझौता ज्ञापन गहन तकनीकी सेक्?टरों में स्टार्टअप इकोसिस्?टम को सुदृढ़ करने और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों (सीईटी) में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त प्रतिबद्धता का संकेत है। यह आर्थिक कार्यकलापों पर सकारात्मक प्रभाव डालने, निवेश आकर्षित करने और विशेष रूप से सीईटी क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्ट–अप में रोजगार सृजित करने के लिए तैयार है। सहयोग के दायरे में हैकाथॉन और ओपन इनोवेशन कार्यक्रम,सूचना साझाकरण और अन्य गतिविधियों सहित भारत अमेरिका इनोवेशन हैंडशेक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल रहेंगी। इस घोषणा ने 2024 की शुरूआत में भारत और अमेरिका में आयोजित होने वाले भविष्य के दो इनोवेशन हैंडशेक कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार किया, जिसमें अमेरिकी और भारतीय स्टार्टअप कंपनियां की मदद करने के उद्देश्य से एक निवेश मंच भी शामिल है, जिससे कि वे अपने नवोन्?मेषी विचारों और उत्पादों को बाजार और सिलिकॉन वैली में एक हैकथॉन में ले जा सकें, जहां अमेरिकी और भारतीय स्टार्टअप कंपनियां वैश्विकआर्थिक चुनौतियों से निपटने में मदद के लिए विचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रस्?तुत करेंगी।यह ऐतिहासिक कदम नवोन्?मेषों को बढ़ावा देने, अवसर सृजित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों के गतिशील क्षेत्र में पारस्परिक विकास को बढ़ावा देने के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है। इनोवेशन हैंडशेक अमेरिका और भारत के बीच सहयोग के एक नए युग की आधारशिला रखता हैवाणिज्यिक संवाद (सीडी) आर्थिक क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में व्यापार को सुविधाजनक बनाने और निवेश के अवसरों को अधिकतम करने के उद्देश्य से निजी सेक्?टर की कंपनियों के साथ बैठकों के संयोजन में दोनों सरकारों के बीच आयोजित की जाने वालीनियमित बैठकों को शामिल करते हुए व्यापारिक समुदायों के बीच संबंधों को गहरा बनाने हेतु नियमित चर्चा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच मंत्री स्तर पर एक सहकारी उपक्रम है। 5वें भारत–अमेरिका वाणिज्यिक संवाद का आयोजन 10 मार्च 2023 को वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो की 8–10 मार्च के बीच की गई यात्रा के दौरान किया गया था। इस बैठक में आपूर्ति श्रृंखला गतिशीलता, जलवायु एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी सहयोग, समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और विशेष रूप से एसएमई और स्टार्टअप के लिए महामारी के बाद आर्थिक सुधार को सुगम बनाने पर कार्यनीतिक फोकस के साथ वाणिज्यिक संवाद फिर से शुरू किया गया। इसमें वाणिज्यिक संवाद के तहत प्रतिभा, नवोन्?मेषण और समावेशी विकास(टीआईआईजी) पर एक नए कार्य समूह को शुरू किया जाना शामिल है। नोट किया गया कि यह कार्य समूह आईसीईटी के लक्ष्यों, विशेष रूप से सहयोग के लिए विशिष्ट नियामक बाधाओं की पहचान करने और संयुक्त गतिविधियों के लिए विशिष्ट विचारों के माध्यम से स्टार्ट–अप पर ध्यान देने के साथ हमारे नवोन्?मेषण इकोसिस्?टम के बीच अधिक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की दिशा में स्?टार्टअप्?स के प्रयासों में भी सहायता प्रदान करेगा। साथियों बात कर हम वाणिज्य मंत्री द्वारा नए एक्स ट्विटर पर एक पोस्ट की करें तो, भारत और अमरीका ने गतिशील स्टार्ट–अप तंत्र और विशेष रूप से महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को जोड़ने के आशय–पत्र परहस्ताक्षर किये हैं। नवाचार–तंत्र को आपसी सहयोग के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए अमरीका की चार दिनों की यात्रा पर गए भारत के वाणिज्य मंत्री ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये।केंद्रीय मंत्री ने नये एक्स ट्विटर पर एक पोस्ट में लिखा कि आशय पत्र से सकारात्मक रूप से आर्थिक गतिविधि, निवेश आकर्षित करना और रोजगार का सृजन संभव हो सकेगा। उन्होंने अमरीकी मंत्री के साथ आईपीएचई–समृद्धि के लिये भारत प्रशांत आर्थिक ढाँचा मंत्री स्तरीय द्विपक्षीय बैठक से अलग भारत–अमरीका के बीच बढ़ रहे वाणिज्यिक सहयोग और व्यापार संबंधित कार्य पर चर्चा की गई।वर्तमान यात्रा के दौरान भारत और अमरीका ने मिलकर तथा अन्य समृद्धि के लिये भारत प्रशांत आर्थिक ढाँचे से संबंधित 12 भागीदारों ने आईपीएचई आपूर्ति श्रृंखला के लचीले समझौते पर हस्ताक्षर किये।

राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बागियों की बहार है

बाल मुकुन्द ओझा

राजस्थान में सत्ता विरोधी लहर के बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार बचाने के लिए दिन रात एक किये हुए है। वहीं भाजपा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे अपनी सरकार बनाने की उम्मीद पाले हुए है। दोनों ही पार्टियों ने मतदान की तिथि नजदीक आते देखकर अपनी सारी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गाँधी और प्रियंका वाड्रा ने सरकार रिपीट होने की गहलोत की घोषणा का पुरजोर समर्थन किया है। गहलोत को अपनी राहत गारंटियों पर पूरा भरोसा है। भाजपा ने सरकार विरोधी लहर के बीच महिला अत्याचार, पेपर लीक और भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया है। इसी बीच बागियों ने दोनों ही पार्टियों की नींद हराम कर दी है। दोनों ही पार्टियों के लगभग तीन दर्जन बागियों ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना कर अपनी ताकत दिखा दी है। बागियों की हुंकार देखकर लगता है किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए इनकी जरुरत पड़ सकती है। कांग्रेस ने अनेक नाराज नेताओं को पार्टी में पद दे कर मनाने का प्रयास किया है। भाजपा को भी कुछ बागियों को राजी करने में सफलता मिली है।

25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भी दागी और बागी दोनों ही चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे है। चुनाव में बड़ी संख्या में उतरे बागी प्रत्याशी कांग्रेस और भाजपा के सत्ता के समीकरण बिगाड़ रहे है। सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों को ही बागियों से कड़ी चुनौती मिल रही है। अब भाजपा और कांग्रेस को बागियों से दो-दो हाथ करने होंगे। प्रदेश की 50 से अधिक सीटों पर दोनों पार्टियों में बागी मैदान में हैं। इनमें तीन दर्जन सीटों पर बागी मुकाबले में है। दोनों पार्टियां अपने वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बावजूद बागी हुए नेताओं को मनाने में विफल रहीं। राजपाल सिंह शेखावत जैसे कुछ बागियों ने अपने पर्चे वापस लिए है। गहलोत ने भी कुछ बागियों को बैठाने में सफलता प्राप्त की है। पिछले चुनाव में 27 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के उम्मीदवार जीते थे। इनमें भी बागी ज्यादा थे जिन्होंने गहलोत सरकार को अपना समर्थन दे दिया था।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खासमखास रहे कई बड़े कद वाले नेता इस समय बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में है। भाजपा के बागियों में यूनुस खान और वर्तमान विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या चितौड़ गढ़,कोटा से भवानी सिंह राजावत, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल जैसे बड़े नामों के अलावा हाल ही भाजपा का दामन थमने वाले रविंद्र भाटी शिव,खंडेला से बंशीधर बाजिया, बाड़मेर से प्रियंका चौधरी, फतेहपुर से भाजपा से पूर्व पालिका अध्यक्ष मधूसूदन भिण्डा, झुंझुनू से राजेन्द्र भाम्बू, बस्सी से जितेन्द्र मीणा, भीलवाड़ा से अशोक कोठारी, पिलानी से पिछला चुनाव लड़ने वाले कैलाश मेघवाल, झोटवाड़ा विधानसभा सीट सेआशुसिंह सूरपुरा, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, आदि ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को चुनौती दी है। ये वो नाम हैं, जो भले ही अपना चुनाव जीत न सके, लेकिन बीजेपी के अधिकृत उम्मीदवार का खेल बिगाड़ सकते हैं।

वहीं कांग्रेस में भी बागियों की कमी नहीं है। टिकट से वंचित कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा और बाबूलाल बैरवा ने टिकट बेचने का आरोप लगाया। सत्ताधारी पार्टी के राजगढ से विधायक जोहरीलाल मीणा, शाहपुरा से विधायक आलोक बेनीवाल, संगरिया से पूर्व विधायक डॉ. परमनवदीप, गंगानगर से नगर परिषद में कांग्रेस की सभापति करूणा चांडक , नागौर से हबीब उर रहमान , धोद से महेश मोरदिया लूणकरण शहर से पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल , मुंडावर से अंजलि यादव, विराट नगर से पूर्व विधायक राम चंद्र सराधना, शिव से जिलाध्यक्ष फतेह खान और मनोहर थाना से कैलाश मीणा प्रमुख है।

पिछले चुनाव में बड़ी संख्या में बागी जीते जो अधिकांश कांग्रेसी थे। गहलोत सरकार के संकट के दौरान बागी जीते विधायकों ने सरकार को अपना समर्थन दिया था। इस बार भी बागी निर्दलीय के रूप में अपना भाग्य आजमा रहे है। यहाँ एक दल में टिकट नहीं मिलता है तो दूसरे दल से टिकट लेकर चुनावी मैदान में उतरते हैं।

विनम्रता,सज्जनता को कमजोरी ना समझिए , वीरोंऔर शक्तिशाली लोगों का सदगुण हैं

भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही **"बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर, पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर"** यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है।

प्राप्त शिकायतों का परीक्षण कर डीएम ने दिये निर्देश

राजापुर में समस्यायें सुनते डीएम-एसपी।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस राजापुर तहसील सभागार में हुआ। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने मिली समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर को देखकर परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बताया जाये, ताकि वह समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण

राजापुर में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

ढंग से करें। जिन-जिन विभागों की संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें मिली हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण करायें।

उन्होंने एसडीएम व थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करायें। शासन के कडे निर्देश हैं कि जमीन संबंधी मामलों का तत्काल निस्तारण करायें। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिला संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 104 शिकायतें मिली, मौके पर चार का निदान हुआ। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर राजापुर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, डीएफओ पीके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एसीएमओ डॉ एमके जतारिया, डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार राजापुर फूलचंद यादव, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डीडीए कृषि राजकुमार, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, एक्सईएन जल संस्थान डीके सतसंगी, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

एडीएम-एएसपी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

फरियादियों की शिकायत सुनते एडीएम व एएसपी।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर सम्बन्धित को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर सौरभ यादव व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व राजस्व तथा पुलिस के लोगों की मौजूदगी में एडीएम वन्दिता श्रीवास्तव ने भूमि विवाद के मामलों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। एडीएम व एएसपी ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मामलों की समीक्षा शासन स्तर से होती है। सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर संबंधित को भी अवगत करायें। गुणवत्तापूर्ण शिकायत का समाधान न करने पर संबंधित जिम्मेदार होंगे।

छात्राओं को आचार-विचार का पाठ पढाते दरोगा।

राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर में छात्राओं को पढ़ाया पाठ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना राजापुर के एसपीसी, पुलिस अधिकारी, चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्राओं को सामाजिक मूल्य, आचार-विचार के महत्व तथा धैर्य के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शनिवार को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की छात्राओं को सुरक्षा-सहायता को महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102

छात्राओं को सुरक्षा-सहायता को महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया।

स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट्स बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच बाबत बताया कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। लोग समझ नहीं पाते, इस बाबत खुलकर बतायें। घर पर छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

अतीक-अशरफ के हत्यारों का नया ठिकाना, चित्रकूट जेल

कड़ी सुरक्षा में प्रतापगढ़ जेल से लाए गए चित्रकूट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रतापगढ़ की जेल में बंद माफिया अतीक व भाई अशरफ के तीनों हत्यारों को देर रात चित्रकूट जिला जेल में शिफ्ट किया गया है। तीनों को कड़ी सुरक्षा में चित्रकूट जेल लाया गया

15 अप्रैल को प्रयागराज के धूमनगंज में शूटर सनी, लवलेश व अरुण ने पुलिस अभिरक्षा में हत्याकांड को अंजाम देकर तीनों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए सरेंडर किया था। तीनों को कोर्ट के आदेश पर प्रतापगढ़ जेल में निरुद्ध किया था, तबसे तीनों हत्यारे प्रतापगढ़ जेल में बंद थे।प्रतापगढ़ जेल सूत्रों के मुताबिक तीनों की सुरक्षा को लेकर पुलिस कोई कोताही नहीं बरतना चाहती थी। इसके मद्देनजर उन्हें प्रतापगढ़ से चित्रकूट जेल शिफ्ट करने का फैसला लिया गया। चित्रकूट जिला जेल अधीक्षक शशांक पांडे ने बताया कि तीनों आरोपियों को देर शाम सात बजे चित्रकूट जेल में शिफ्ट किया गया है। तीनों को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। इनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरे समेत पुलिस फोर्स भी कर रही है। सुरक्षा लिहाज से जेल की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) परिसर में 15 अप्रैल को अतीक व अशरफ की हत्या हुई थी। उस समय अतीक व अशरफ मेडिकल टेस्ट को काल्विन अस्पताल लाये जा रहे थे। मीडियाकर्मी के भेष में पहुंचे तीनों शूटरों ने अतीक व अशरफ पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर दोनों की हत्या कर दी थी। गोली

अतीक-अशरफ के हत्यारे।

मारते हुए जय श्रीराम के नारे भी हत्यारे लगा रहे थे। पहले तीनों को नैनी जेल में रखा गया था, लेकिन वहां अतीक का बेटा अली भी बंद था। इसलिए पुलिस ने तीनों को प्रतापगढ़ जेल भेजा था। जहां से अब तीनों को चित्रकूट जेल भेजा गया है।

लोककल्याण बना भाजपा की पहचानः बालमुकुन्द शुक्ल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा ने वोटर चेतना महाअभियान की बैठक डॉक बंगला सभागार में मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ल व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अध्यक्षता में हुई।

शनिवार को बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बालमुकुन्द शुक्ल ने कहा कि बूथ की मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता, तो चुनाव जीता। बूथ तक जनसंवाद कर विपक्ष को धूल धूसरित करना है। कार्यकताओं से कहा कि सपा तो समाजवाद के नाम पर पिछड़ों से समाजघात करती है। कार्यकर्ता हर अभियान को सफल कर विजय शंखनाद करेंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार के काम गांव-गांव, घर-घर, जन-जन तक पहुंचे। भाजपा

वोटर चेतना महाअभियान की बैठक सम्पन्न

बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी।

की कथनी करनी में अंतर नहीं है। लोककल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाकर मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क कर मातृशक्ति को जागरूक करें, उन्हें मतदाता बनायें। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को न्यायोचित सम्मान व स्थान भाजपा ने दिया है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रवासी अपने शक्तिकेंद्र पर प्रवास करें। शक्तिकेंद्र प्रवासी, प्रभारी व संयोजक सभी बूथों पर अभियान को सफल करें। मंडल, शक्तिकेंद्र व बूथ की बैठक कर व्यापक संवाद करें। वोटर चेतना महाअभियान में घर-घर, गांव-गांव जाकर जनसंवाद कर मतदाताओं को जागरूक करें। वोटर चेतना महाअभियान के दूसरे चरण की कार्ययोजना जिला महामंत्री/अभियान संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि 25-26 नवम्बर, 2-3 दिसम्बर को सभी बूथों पर जनसम्पर्क करें। 26 नवम्बर को सभी बूथों पर मन की बात हो। वोटर चेतना महाअभियान में सभी कार्यकर्ता मनोयोग से अभियान को सफल बनायें। बैठक में भाजपा नेता तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अखिलेश रैकवार, रवि गुप्त, सुरेश अनुरागी, शंकर दयाल निषाद, आदित्य, ओमप्रकाश, सुशील, विनोद, सच्चिदानंद, आनंद, दिनेश सिंह, संतोष मिश्र, भोले सिंह, अर्जुन शुक्ल, श्रवण पटेल, रमाकांत पाण्डेय, राम शिरोमणि विश्वकर्मा समेत आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ श्याम उर्फ श्याम बिहारी पुत्र बद्री प्रसाद निवासी करारी को 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

भूमाफियाओं के सह पर अवैध ढंग से हो रहा अधिग्रहण

पीड़ितों ने डीएम को सौपे पत्र में लगाए आरोप

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भू-माफियाओं से मिलीभगत के चलते राम वनगमन पथ एनएच-731 ए की दिशा व स्थान बदलने के मामले में पूर्व की भांति दिशा रखने पर लंबी धनराशि की उगाही का प्रयास हुआ।

इलाकाई जल निकासी नाला बंद करने व आवासीय प्लाट पर बने नवनिर्मित मकान को कृषि भूमि की दर से अधिग्रहण कराने की साजिश व अवैध ढंग से लाल झंडी लगाने की शिकायत भुक्तभोगी ने जिलाधिकारी से की है। मांग किया है कि पूर्व की भांति इस पथ को उत्तर दिशा की ओर तीन से पांच मीटर खिसकाकर गाटा संख्या 1385 से निकालने, भ्रष्टाचार रोकने व क्षेत्र को प्राकृतिक आपदा से बचाने व नवनिर्मित मकान को सुरक्षित कराया जाए।

शनिवार को तहसील कर्वी के वार्ड सात काशीनगर निवासी सत्येन्द्र कुमार व कामेन्द्र कुमार पुत्र कामता प्रसाद ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि वे वार्ड के निवासी हैं, लेकिन खतौनी में लोढ़वारा अंकित है। लोढ़वारा स्थित संक्रमणीय भूमिधर गाटा संख्या 1382 में आवासीय उद्देश्य से रिहायशी प्लाट वर्ष 2010 को पंजीकृत बैनामा लिया था। अपनी पुश्तैनी सम्पति बेंचकर गाढ़ी कमाई से एक करोड 56 लाख रुपए से 2018 में दो मंजिला मकान बनवाया था। ये मकान बनाने को पुश्तैनी मकान बेंच चुके हैं। इस मकान के अलावा कोई अन्य घर नहीं है।

सरकार ने राम वनगमन पथ निर्माण का सर्वे करा रही है। गजट भी प्रकाशित हो गया है। जिले के लोढ़वारा स्थित गाटा संख्या 1382

नवनिर्मित मकान।

व 1385 के अंशभाग को अधिग्रहण की योजना है। पूर्व में सर्वे में राम वनगमन पथ एनएच 731 ए के नवनिर्मित मकान से तीन मीटर दूरी से गुजर रहा था। गाटा संख्या 1385 का खाली भूभाग ही कवर हो रहा था। जल निकासी का नाला भी सुरक्षित था। पीड़ितो ने आरोप लगाया कि भूमाफियाओं की सह पर सर्वे करने वाले लोगों ने इस पथ को दक्षिण दिशा में नवनिर्मित मकान व नाले के ऊपर खिसका दिया। गाटा संख्या 1385 समेत अन्य खाली पडे सरकारी भूखंडो व भूमाफियाओं के कब्जे वाले भूखंडो को छोड दिया गया। अधिकारियों से बात करने पर लंबी धनराशि उगाही का प्रयास किया गया। असमर्थता जताने पर अवैध ढंग से अधिग्रहण सीमा की लाल झंडी नवनिर्मित मकान में लगा दिया। सरकार की मंशानुसार राम वन गमन पथ निर्माण बाधित करने व स्थानीय लोगों को भारी क्षति पहुंचाने की साजिश करने का आरोप लगाया। बताया कि स्थानीय लोगों के मकानों को ढहाकर व क्षेत्रीय नाले को बंद कर राम वनगमन पथ निकाला तो वर्षा के मौसम में पूरा इलाका जलमग्न हो जाएगा। दस हजार की आबादी प्रभावित होगी।

राम वनगमन पथ को उत्तर दिशा की ओर पूर्व की भांति तीन से पांच मीटर खिसकाकर निर्मित करने से आमजनता को कोई क्षति नहीं होगी। जल निकासी का नाला भी सुरक्षित रहेगा। पत्र में मांग किया है कि पूर्व की भांति इस पथ को उत्तर दिशा की ओर तीन से पांच मीटर खिसकाकर गाटा संख्या 1385 से निकालने, भ्रष्टाचार रोकने व क्षेत्र को प्राकृतिक आपदा से बचाने तथा नवनिर्मित मकान को सुरक्षित कराया जाए।

विद्यालयों के फर्नीचर को विधायक ने दिये बीस लाख रुपये

अखंड भारत संदेश

सदर विधायक अनिल प्रधान।

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के बैठने के फर्नीचर के अभाव को देखते हुए बीस लाख रुपये सीडीओ को विधान मंडल निधि से बेसिक शिक्षा अधिकारी को देने को पत्र लिखा है। इसके पहले विधायक ने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को पुलिस अधीक्षक को भी बीस लाख रुपये देने को सीडीओ को पत्र लिखा था। शनिवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने **सीडीओ को लिखा पत्र** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के बैठने को फर्नीचर के अभाव को देखते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चे टाट-फट्टी पर बैठने को मजबूर हैं। फर्नीचर की व्यवस्था होने से छात्रों में विद्यालयों के प्रति आकर्षण बढेगा। उन्होंने सीडीओ को लिखे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षाधिकारी लव सिंह यादव ने अनुरोध किया है कि विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था कराई जाये। विधायक ने बीएसए के अनुरोध पर अपनी विधान मंडल निधि 2023-24 से बीस लाख रुपये जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को देने बाबत मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। कहा है कि फर्नीचर होने से विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता समेत बच्चों में पढाई के प्रति रुचि जागृत होगी।

पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

बहिलपुरवा पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा की अगुवाई में दरोगा विजय बहादुर यादव ने सिपाही शक्ति सिंह के साथ चोरी व माल बरामद के वारंटी सब्बीर पुत्र किस्मत अली निवासी सेमरिया चरनदासी को गिरफ्तार किया है।

डा अम्बेडकर प्रतियोगिता परीक्षा आज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। युवा एवं बाल विकास समिति के तहत भारतीय बौद्ध महासभा ने डा भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 से साढे 12 तक जिले के पांच केन्द्रों राजकीय अभिनव इंटर कालेज सरधुवा, गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, पालेश्वर नाथ इंटर कालेज पहाड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरी व उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में सम्पन्न होंगी। शनिवार को अजय कुमार त्यागी राजकीय अभिनव इंटर कालेज सरधुवा में रामबाबू वर्मा, गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में आलोक कुमार बौद्ध, पालेश्वर नाथ इंटर कालेज पहाड़ी में सन्तोष कुमार सिंह पटेल, उच्च प्राथमिक पंडरी में मुन्नी लाल शाक्य, उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में परीक्षा केंद्र प्रभारी बनाए गए हैं। जिले में जूनियर वर्ग में 275, सीनियर वर्ग में 149 कुल 424 छात्र-छात्रायें प्रतियोगिता परीक्षा में फार्म भरे है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी ले जाना सख्त मना है। जिन छात्रों का प्रवेश पत्र नहीं मिल सका है, उन्हें प्रवेश पत्र परीक्षा केंद्र में दिये जायेंगे। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय में साढे दस बजे पहुंचना है। परीक्षा व्यवस्था में ज्ञानचंद बौद्ध अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, बालगोबिन्द, रामकरण, जाहर सिंह, विनोद कुमार, कपिल गौतम, दयाशंकर, संजय कुमार, बाबूराम सिंह आदि लगाये गये है। ये जानकारी परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद बौद्ध ने दी।

सेवा आश्रम न्याय पंचायत पर लगाये स्वास्थ्य शिविरः विधायक

अखंड भारत संदेश

विधायक ने हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

शिविर में बोलते विधायक व मौजूद डॉक्टर।

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के ओडकीमाफी बटखुरा में चित्रकूट सेवा आश्रम व संचय ग्रीन दिल्ली के सहयोग से बने हमारा स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ उर्वशी मित्तल व मधुलता दिल्ली नार्थ 301 इनरव्हील की मौजूदगी में हुआ। शनिवार को संस्था चित्रकूट सेवा आश्रम के प्रबंधक डॉ रमेशचन्द्र ने बताया कि हमारा स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण इनरव्हील नार्थ दिल्ली 301 के सहयोग से हुआ है। लोकार्पण पर एक दिवसीय स्वास्थ्य कैम्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर के डॉक्टरों की टीम ने किया। इसमें ओडकीमाफी, बटखुरा, अगरहुण्डा, अमरहापुरवा, गिरधारा के 132 मरीजों का परीक्षण हुआ। रोगों के निदान को निःशुल्क दवा बांटी गई। इस मौके पर संचय ग्रीन के सुबोध टंडन ने हमारा स्वास्थ्य केन्द्र के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। केन्द्र में संस्था साप्ताहिक कैम्प करती है। संसाधनों से आयुर्वेदिक, एक्यूप्रेशर पद्धति से रोगों का निदान होता है। यहां आठ किमी में कोई स्वास्थ्य सेवायें नहीं हैं। केन्द्र समय-समय पर सरकार के सहयोग से शिविर लगाकर लोगो को गम्भीर बीमारियों से रोग मुक्त करेगा। भविष्य में केन्द्र नियमित स्वास्थ्य सेवायें देगा। इनरव्हील की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ उर्वशी मित्तल ने कहा कि जान है तो जहान है, स्वास्थ्य ही जीवन है। इनरव्हील के बारे में विस्तार से बताया। लोकार्पण करते हुए विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने इनरव्हील को बधाई दी। चित्रकूट सेवा आश्रम को न्याय पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाने का सुझाव दिया। हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया। इनरव्हील ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सेनेटरी पैड व साडी बांटी। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामलखन सिंह, मंजीत सिंह, बृजलाल, देवपाल सिंह, सत्यनारायण सिंह, जगन्नाथ सिंह, सुनीता देवी, मीना टंडन, शीलू सिंह, रुपेश पटेल, नीलू सिंह, अस्मिता सिंह, रामकल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

मारपीट के आरोपियों पर हुआ जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन में न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने के पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय व पैरोकार प्रदीप कुमार की पैरवी से विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने मारपीट के आरोपियों को एक-एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। शनिवार को अभियोजन अधिकारी एसके यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट दीपनारायण तिवारी ने रैपुरा थाने में दर्ज मामले के आरोपियों दादूभाई यादव पुत्र रामबालक, चुनवाद पुत्र रामबालक, पुष्पेन्द्र उर्फ रज्जू पुत्र रामबालक, बच्चू यादव पुत्र रामकृपाल, शंकर लाल पुत्र रामकृपाल निवासी भौंरी को एक-एक हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में गरजीं इजराइल की मिसाइलें, 26 की मौत

तेल अवीव/यरुशलम। गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध के 43वें दिन आज (शनिवार) भी घमासान मचा हुआ है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) हमास के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है । इस बीच इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर पर मिसाइलें दागी हैं।

इस हमले में 26 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें अधिकांश बच्चे हैं। इजराइल का कहना है कि यहां के लोगों को खान यूनिस को खाली करने की अग्रिम चेतावनी दी गई थी। इसके बाद हमास के ठिकानों पर मिसाइल अटैक किया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइल की थल सेना ने मोर्चा संभालते हुए हमास के ठिकानों को चुन-चुनकर निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खान यूनिस पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी गई हैं।

इजराइली सेना ने हमले से पहले लोगों को खान यूनिस को खाली करने की चेतावनी दी थी। आईडीएफ ने कहा था कि अगर इस शहर को खाली नहीं किया गया तो अंजाम बुरा होगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी मार्क रेगेव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि गाजा के लोगों को चेतावनी जारी की गई थी। साफ कहा गया था कि सेना हमास के खात्मे के लिए खान यूनिस पर हर तरह के हमले करेगी। इसलिए वहां रह रहे लोग कहीं दूसरी जगह चले जाएं।

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि आईडीएफ ने हमास के हमलावर आतंकवादियों के परिजनों की धरपकड़ तेज कर दी है। आईडीएफ ने हेब्रोन में रात को कुतैबा उमर अल-क्वास्मा को दबोचा है।

इसके भाई ने इस सप्ताह के शुरू में यरुशलम में सुरंग रोड पर सुरक्षाबलों पर हमला किया था। आईडीएफ ने दावा किया है कि हमास की एक सुरंग ऐसी है जिसका एक छोर एक मस्जिद पर मिला है। इस सुरंग और मस्जिद का इस्तेमाल भी हमास ने सैन्य उद्देश्यों के लिए किया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइली युद्धक विमानों ने रात को जबालिया शरणार्थी शिविर के कई इलाकों, बेत लाहिया में घरों, गाजा के शेख जायद शहर में आवासीय टावरों के आसपास और इंडोनेशियाई अस्पताल के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया है। इस घमासान के बीच कहा गया है कि अमेरिका के आग्रह पर इजराइल मानवीय उद्देश्यों के लिए गाजा की अपनी नाकाबंदी के माध्यम से दैनिक ईंधन वितरण की अनुमति देने पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मकतल बन चुके गाजा में बचे-खुचे लोग अपने परिजनों की तलाश में मलबे की खुदाई कर रहे हैं। लोगों को आशंका है कि ताश के पत्तों की तरह भरभराकर ढेर हो चुके घरों के मलबों में यह लोग दबे होंगे। उमर अल-दारवी और उनके पड़ोसियों के चारमंजिला घरों में पैंतालीस लोग रहते थे। इनमें से 32 की मौत हमले में हो चुकी है। दारवी व अन्य लोग मलबे से 27 शव निकाल चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय का अनुमान है कि 1,500 बच्चों सहित लगभग 2,700 लोग लापता हैं। माना जा रहा है कि वे खंडहर हो चुके घरों के मलबे में दबे हुए हैं। इस बीच ब्रुनेई, इंडोनेशिया और मलेशिया ने गाजा में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया है।

टिकटॉक के अपने 30 लाख वीडियो डिलीट कर प्रतिबंध वापस लेने के आग्रह को नेपाल ने ठुकराया



काठमांडू। नेपाल फिलहाल चीन के सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक को राहत देने के पक्ष में नहीं है। नेपाल में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के बाद चीन की इस कंपनी के हाथ-पांव फूल गए हैं। टिकटॉक ने करीब 30 लाख वीडियो डिलीट कर नेपाल सरकार को पत्र लिखा। पत्र में नेपाल सरकार से प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया गया। नेपाल ने फिलहाल प्रतिबंध वापस लेने से इनकार कर दिया है। इस कंपनी ने नेपाल की टेलीकॉम अथॉरिटी को लिखे पत्र में कहा कि वह कानून के दायरे में रहकर काम करने को तैयार है। इस संबंध में करीब 29 लाख 98 हजार वीडियो डिलीट कर दिए हैं। इसलिए सरकार प्रतिबंध लगाने के फैसले को वापस ले। टिकटॉक के दक्षिण एशियाई देशों के कानूनी सलाहकार फर्डोस मोटाकिन ने नेपाल सरकार के निर्णय पर दुख और आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नेपाल सरकार जल्द प्रतिबंध वापस ले लेगी। नेपाल टेलीकॉम अथॉरिटी के चेयरमैन पुरुषोत्तम खनाल का कहना है कि टिकटॉक को पत्र का जवाब दे दिया गया है। इसमें साफ किया गया है कि सरकार फिलहाल अपने निर्णय पर कायम है। सरकार के दिशा-निदेशों का पालन करना टिकटॉक कंपनी के हित में है।

पेशावर हाई कोर्ट ने लादेन को पकड़वाने वाले डॉक्टर की पत्नी और बच्चे को दी बड़ी राहत

पेशावर। अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पकड़ने में सीआइए की मदद करने वाले डॉक्टर की पत्नी और बच्चे को पेशावर हाई कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए उनका नाम एक्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) से हटाने का निर्देश दिया है।

एकल पीठ ने डॉक्टर शकील अफरीदी की पत्नी इमराना शकील की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया है। ईसीएल में उन लोगों के नाम शामिल होते हैं, जिनको कानूनी कारणों से बाहर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि जासूसी के मामले में शकील अफरीदी को 23 वर्ष की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी और बच्चे का नाम इस सूची में डाल दिया गया था। तब से वह कहीं भी नहीं जा सकी है। वकील ने कहा कि इमराना शकील के खिलाफ कोई भी अपराध अबतक सिद्ध नहीं हो पाया है और न ही उसे गिरफ्तार किया गया है।

डॉक्टर शकील अफरीदी 2011 से जेल में बंद हैं। उन पर एबटाबाद शहर में अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पकड़ने में सीआईए की मदद करने का आरोप है।

याचिकाकर्ता के वकील आरिफ जान अफरीदी ने अदालत को सूचित किया कि उनके मुवक्किल को अमेरिका के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

दक्षिणी फिलीपींस में भूकंप से छह लोगों की मौत

मनीला। दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार को आए भूकंप में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। दो लोग लापता हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.7 तीव्रता मापी गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में शनिवार को यह जानकारी स्थानीय आपदा अधिकारियों के हवाले से दी गई है।

जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार शुक्रवार दोपहर भूकंप मिंडानाओ द्वीप पर 60 किलीटर (37 मील) की गहराई पर आया। दक्षिण कोटाबेटो प्रांत में तीन, सारंगानी प्रांत में भूकंप के केंद्र के पास कम से कम दो

लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मी भू-स्खलन के बाद लापता दो अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं। दावाओ ऑक्सिडेंटल प्रांत में एक 78 वर्षीय व्यक्ति की चट्टान से कुचल जाने के बाद मौत हो गई।

लंदन में रोडरेज में सिख किशोर की चाकू मारकर हत्या, चार गिरफ्तार

लंदन। दक्षिण-पश्चिम लंदन में रोडरेज (सड़क पर हुए एक झगड़े) में एक सिख किशोर की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि किशोर की पहचान सिमरजीत सिंह नागपाल के रूप में की गयी है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि सिमरजीत की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों की उम्र 21, 27, 31 और 71 वर्ष

बताई गई है। सिमरजीत की हत्या बुधवार तड़के लंदन के हाउंस्लो क्षेत्र में हुई थी। पुलिस की विशेषज्ञ अपराध इकाई ने कहा कि वे 17 वर्षीय सिमरजीत की दुखद मौत से जुड़ी घटनाओं की जांच जारी रखेंगे और सिख समुदाय को इस हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने का आश्वासन दिया।

जासूस पुलिस निरीक्षक मार्टिन थोर्पे ने कहा, हम सिमरजीत की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को ढूंढने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं, क्योंकि उसके परिवार के सदस्य इस घटना से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्य इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हमारी पूछताछ जारी है। मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति से आग्रह करूंगा, जिसके पास इस बारे में जानकारी हो कि घटनाएं कैसे घटित हुईं या जिसने भी इस घटना को अपने फोन, डैश कैमरे या डोरबेल फुटेज में कैद किया हो, कृपया आगे आकर हमारा सहयोग करें।

रूस ने यूक्रेन के खेरसान शहर में दागे गोले, दो लोगों की मौत, 12 घायल

कीव। दक्षिण यूक्रेन के खेरसान शहर और आसपास के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रूस की गोलाबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स में क्षेत्रीय गवर्नर ओलेकसांद्र प्रोकुदिन के हवाले से कहा गया है कि इस गोलाबारी में 75 वर्षीया महिला भी खेरसान में अपने अपार्टमेंट में मारी गई। खेरसान क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है। रूसी सेना ने दनिप्रो नदी के पूर्वी क्षेत्र से गोलाबारी की। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और कम

से कम 12 लोग घायल हो गए। ओलेकसांद्र ने कहा है कि हमले में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा तबाह हो गया। बिलोजेर्का और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

मुइज्जू ने मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

माले। मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में इंजीनियर से नेता बने मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू समेत कई विदेशी हस्तियों की मौजूदगी रही। मुइज्जू (45) ने ह्यारिपब्लिकन स्क्वैयरह्ल पर आयोजित ह्यापीपल्स मजलिसह्ल की विशेष सभा में पद की शपथ ली।

प्रधान न्यायाधीश मुथासिम अदनान ने मुइज्जू को पद की शपथ ग्रहण कराई। इस समारोह में हुसैन मोहम्मद लतीफ ने मालदीव के 10वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। मुइज्जू के साथ इस अवसर पर उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद भी मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में निवर्तमान प्रशासन से पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के अलावा दो अन्य पूर्व राष्ट्रपतियों मोहम्मद नाशीद और डॉ. मोहम्मद वहीद समेत देश के कई शीर्ष नेता भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, निवर्तमान एवं नए प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और सांसद तथा 1,000 आम लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस समारोह में रीजीजू के अलावा दक्षिण एशिया के जिन पड़ोसी देशों के नेता शामिल हुए, उनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे एवं उनकी पत्नी मैत्री विक्रमसिंघे, बांग्लादेश के सूचना मंत्री हसन महमूद, पाकिस्तान के संघीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य मंत्री मुर्तजा सोलांगी और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति की विशेष दूत और स्टेट काउंसलर शेन यिकिन भी उपस्थित रहीं। मालदीव गणराज्य के विदेश मंत्रालय के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात के न्याय मंत्री अब्दुल्ला बिन सुल्तान बिन अवद अल नुआइमी, यूएनईएससीएपी की अवर-महासचिव आर्मिडा सालिसयाह अलिसजहबाना, राष्ट्रमंडल की महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड केसी और तुर्किये के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री मेहमत नूरी एर्साय भी समारोह में शामिल हुए। मुइज्जू मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी सहयोगी हैं। यामीन ने 2013 से 2018 तक राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चीन के साथ निकट संबंध स्थापित किए थे। सोलिह ने पहले भारत की नीति का पालन किया था और भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

पाकिस्तान से 10 लाख से ज्यादा अफगान नागरिक भेजे जाएंगे वापस

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में रह रहे करीब 13 लाख अफगान नागरिकों को अपने देश लौटना होगा। ये लोग पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे हैं। पाकिस्तान में अवैध तरीके रहने वाले अफगान नागरिकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने यह चेतावनी दी।

सर्दियों की शुरूआत और अंतरराष्ट्रीय व देश के मानवाधिकार समूहों द्वारा इस अभियान की व्यापक आलोचना के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बृहस्पतिवार को चेतावनी जारी किया था।

पाकिस्तान में बिना दस्तावेजों के रह रहे प्रवासियों को देश छोड़ने या फिर

गिरफ्तारी का सामना करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने एक नवंबर से घर-घर जाकर प्रवासियों के दस्तावेजों की जांच करने की प्रक्रिया शुरू की। पाकिस्तान का कहना है कि शरणार्थी के रूप में पंजीकृत 14 लाख अफगानी लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनका दर्जा दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस कार्रवाई से हाल के सप्ताह में करीब तीन लाख 40 हजार अफगानी लोगों को वर्षों तक पाकिस्तान में रहने के बाद देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पाकिस्तान में दशकों तक रहने वाले ज्यादातर अफगानिस्तानियों का कहना है कि उन्हें अधिक समय दिया जाना चाहिए था क्योंकि अफगानिस्तान में उनके पास घर नहीं है। अफगानियों का कहना है कि उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है कि आखिर कब वे फिर नये सिरे से अपनी नयी जिंदगी की शुरूआत कर सकेंगे। डब्ल्यूएचओ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अन्य संबंधित कारकों के साथ अचानक और इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लौटने से जन स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा पैदा हो गया है।

ईंधन व संचार सुविधाओं की कमी के चलते संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में राहत सामग्री का वितरण रोका

यरुशलम। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पट्टी में पेट्रोलियम ईंधन और संचार सुविधाओं की कमी के चलते राहत सामग्री का वितरण रोक दिया है। गाजा की स्थिति पर विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चिंता जताते हुए वहां भुखमरी की आशंका जताई है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार(एनएसए) ने कहा कि देश की वॉर कैबिनेट ने गाजा पट्टी में हर दिन ईंधन के दो टैंकर ट्रकों को प्रवेश करने की अनुमति देने पर सहमति दी है। एनएसए तजाची हानेग्बी ने ईंधन की इस मात्रा को ह्यबहुत कमह्ल बताया है।

बिगड़ते हालात और अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते इजराइली सेना शुक्रवार देर शाम डीजल-पेट्रोल से भरे दो टैंकरों को गाजा में जाने की अनुमति दी है। इस बीच वेस्ट बैंक में दो स्थानों पर इजरायली कार्रवाई में आठ लोग मारे गए हैं। इसके साथ ही गाजा में मरने वालों की संख्या 11,500 हो गई है जिनमें से दो तिहाई बच्चे और महिलाएं हैं। गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों के चलते ध्वस्त हुई इमारतों के नीचे 2,700 लोगों के दबे होने की आशंका है।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था डब्ल्यूएफपी के अनुसार, गाजा पट्टी में लोगों के लिए खाद्य सामग्री की लगातार कमी के बाद अब लोगों के भूख से मरने की आशंका पैदा हो गई है। इस बीच इजराइली सेना के ताजा हमलों में गाजा में नौ लोगों के मारे जाने की सूचना है, जबकि वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में तलाशी अभियान के दौरान हुए टकराव में इजरायली सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच लोग मारे गए हैं, नजदीक ही रामल्ला में ड्रोन हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा सिटी के अल-शिफा अस्पताल में इजरायली सेना की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही।

सेना को वहां पर अतिवादी संगठन हमास के इस्तेमाल वाली एक सुरंग मिली है। इस अस्पताल में अभी भी बड़ी संख्या में मरीज और बेघर लोग बने हुए हैं। इजरायली सेना ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के नजदीक भी हवाई हमले किए हैं। मालूम हो कि ईंधन की कमी से गुरुवार को ही इंटरनेट और फोन सुविधाएं बाधित होने लगी थीं, शुक्रवार को स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई। आने वाले 24 घंटों में डीजल न मिलने पर पूरे गाजा की संचार व्यवस्था ठप हो सकती है।